e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 159
बुधवार
12.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
कल के मोर से आज का कबूतर भला अर्थात संतोष सब से बड़ा धन है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### भीषण गर्मी के कारण 12 से 15 जून तक बंद रहेंगे राज्य के सभी स्कूल

**रांची :** राज्य में गर्मी के प्रभाव को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी कोटि के स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश मंगलवार को जारी किया है। राज्य सरकार के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल ने स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा है कि राज्य में भीषण गर्मी पड़ रही है। तपिश का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी, सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त सभी स्कूल 12 से 15 जून तक बंद रहेंगे। इस अवधि के पश्चात स्कूल अपने निर्धारित समय पर खुलेंगे। इससे पहले नौ जून को विभाग के स्तर से जारी आदेश में कहा गया था कि सभी तरह के स्कूलों में केजी से 12 वीं तक की पढाई सुबह सात बजे से 11:30 बजे तक होगी।

### मुंबई एयरपोर्ट पर बरामद किया गया 33 किलो सोना

**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग ने अलग-अलग मामलों में मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो विदेशी महिला नागरिकों के अंडरगार्मेंट्स और सामान में छिपाकर रखा गया 32.79 किलोग्राम सोना जब्त किया है, जिसकी कीमत 19.15 करोड़ रुपये है. एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी.उन्होंने बताया कि अफ्रीकी देशों से आए दोनों यात्रियों की सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद संदेह के आधार पर तलाशी ली गई थी. दोनों मामलों में अंडरगारमेंट्स और बैगेज में सोना छिपाकर रखा गया था. महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है.

### जोशीमठ में तीन दिवसीय बाल फिल्म मेला शुरू

**गोपेश्वर :** रचनात्मक शिक्षक मंडल उत्तराखंड की पहल पर जोशीमठ में मंगलवार से तीन दिवसीय बाल फिल्म मेला शुरू हो गया। बाल फिल्म मेले में राजकीय बालिका इंटर कालेज और राजकीय इंटर कालेज के बच्चों को देश दुनिया की बेहतरीन फिल्में दिखायी गई।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38⁰ |
| न्युनतम | 26⁰ |

### मुख्यमंत्री ने राज्य में अपराध-उग्रवाद पर नियंत्रण को लेकर की समीक्षा बैठक

# राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता : चंपाई

**मुख्यमंत्री ने अवैध खनन तथा मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई की ली जानकारी**

**वन और भू -राजस्व से जुड़े मामलों की भी हुई समीक्षा**

**राज्य की बेहतर विधि व्यवस्था से प्रदेश की बेहतर छवि के साथ दिशा और दशा होती है तय दूसरे राज्यों में विधि-व्यवस्था को लेकर जो व्यवस्थाएं हैं , उसका भी अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करें**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य की बेहतर विधि व्यवस्था से प्रदेश की बेहतर छवि बनती है।इससे विकास को नया आयाम मिलता है। यह राज्य की दशा और दिशा भी तय करता है। यही वजह है कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करना सरकार की विशेष प्राथमिकता है। आप सभी के सहयोग से विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण संभव है।मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिलों के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने विधि-व्यवस्था, अपराध एवं उग्रवाद नियंत्रण,अवैध खनन, मादक पदार्थों और शराब तस्करी एवं बिक्री के खिलाफ कार्रवाई एवं वन, उत्पाद और भू- राजस्व से जुड़े मामलों की उच्च स्तरीय समीक्षा कर कई अहम निर्देश दिए।

#### अपराध से निपटने के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी का करें इस्तेमाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई ऐसी नवीनतम तकनीकें है, जिसके जरिए अपराध को जानने- समझने के साथ नियंत्रित करने में इस्तेमाल किया जा सकता है। पुलिस को ऐसी आधुनिक तकनीक से हमेशा अपडेट रहने की जरूरत है। इसके साथ अन्य राज्यों में विधि व्यवस्था को लेकर जो व्यवस्थाएं हैं।उसका भी अध्ययन करें, ताकि झारखंड की परिस्थितियों के अनुरूप उसकी जरूरत पड़े तो उसका इस्तेमाल किया जा सके। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक सिस्टम में भी सुधार करने पर जोर दिया।

#### राज्य में विविधताओं के साथ अपराध के स्वरूप में भी आ रहा परिवर्तन

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में काफी विविधताएं हैं। कहीं जंगल झाड़ है तो कहीं खदान। कुछ इलाकों में उद्योगों की बहुलता है तो कहीं लोग कृषि पर निर्भर हैं। इसी तरह यहां की परिस्थितियों के अनुरूप अपराध में भी काफी विविधताएं हैं। नित्य अपराध के स्वरूप में भी परिवर्तन आ रहा है। ऐसे में पुलिस की चुनौती भी बढ़ जाती है । ऐसे में अपराध को नियंत्रित करने में आपकी कार्यशैली और मजबूत सूचना तंत्र काफी कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अपराध के वर्तमान चुनौतियों से निपटने के साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति भी बनाएं।




#### अवैध खनन और उसके परिवहन पर हर हाल में शिकंजा कसें

मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन की वजह से राज्य की छवि पर असर पड़ा है । अवैध खनन को रोकने के लिए सरकार काफी गंभीर है। विशेषकर कोयला, बालू, लौह अयस्क और पत्थर के अवैध खनन और उसके ट्रांसपोर्टिंग रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं।

#### डीसी और एसपी के बीच बेहतर समन्वय से मिलेंगे बेहतर परिणाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी जिले में डीसी और एसपी के बीच बेहतर समन्वय से ही कानून एवं व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलती है । उन्होंने कहा कि डीसी और एसपी के बेहतर को-ऑर्डिनेशन से बेहतर नतीजे आते हैं। इससे विकास को गति मिलती है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राज्य के तमाम अधिकारी अपनी बेहतर कार्य शैली से विधि व्यवस्था और अन्य सभी मामलों में बेहतर नतीजे देंगे। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो भी संसाधन और जरूरतें होगी, उसे सरकार पूरा करेगी।

#### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एलखियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग श्रीमती वंदना दादेल, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव।अरवा राजकमल, संबंधित विभागीय सचिव, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी जोनल आईजी, डीआईजी, सभी जिलों के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएम पद की आज शपथ लेंगे चंद्रबाबू नायडू



**नायडू के साथ शपथ लेने वाले नेताओं के नाम तय कर लिए जाएंगे।आंध्र प्रदेश में 12 जून को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।**

एजेंसी

**विशाखापत्तनम :** आंध्र प्रदेश में सरकार गठन की तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को तेदेपा और एनडीए ने चंद्रबाबू नायडू को अपना विधायक दल का नेता चुन लिया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद तेदेपा, भाजपा और जनसेना गठबंधन के नेता राज्यपाल एस अब्दुल नजीर से मुलाकात किया और सरकार बनाने का दावा पेश किया। बुधवार को चंद्रबाबू नायडू के साथ कई और नेता भी शपथ लेंगे। नायडू के साथ शपथ लेने वाले नेताओं के नाम तय कर लिए जाएंगे।आंध्र प्रदेश में 12 जून को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वहीं जनसेना पार्टी ने अपने विधायक दल का नेता पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण को चुन लिया है। पवन कल्याण मंगलवार सुबह मंगलागिरी स्थित पार्टी मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्हें जनसेना पार्टी के विधायकों ने अपना नेता चुना।

### मोहन माझी होंगे ओडिशा के नए सीएम



**भुवनेश्वर :** मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। भुवनेश्वर में हुई बैठक में बतौर केंद्रीय पर्यवेक्षक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव मौजूद रहे। बैठक के बाद रक्षा मंत्री ने घोषणा की कि भाजपा नेता मोहन चरण माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने बताया कि केवी सिंह देव और प्रवती परिदा को राज्य का उपमुख्यमंत्री के तौर पर चुना गया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसमें राजनाथ के अलावा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए।

### राहुल गांधी बोले, रायबरेली-अमेठी से परिवार का नाता

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी बहन एवं पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ मंगलवार को रायबरेली पहुंचे। रायबरेली के नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी ने रायबरेली और अमेठी लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। राहुल ने कार्यकर्ता आभार समारोह में कहा कि उनका रायबरेली और अमेठी से राजनीति का नहीं बल्कि परिवार का नाता है।

## नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से मांगा जवाब




एजेंसी

**नई दिल्ली :** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 के रिजल्ट में धांधली को लेकर छात्र काफी नाराज चल रहे हैं। अब नीट की प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है, जिस पर आज सुनवाई हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक होने की खबरों के बीच अभ्यर्थियों के एक समूह ने नए सिरे से एनईईटी-यूजी 2024 परीक्षा कराने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया। गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की है कि नीट यूजी 2024 रिजल्ट को वापस लिया जाए और फिर से परीक्षा कराई जाए। बता दें, नीट परीक्षा पांच मई को हुई थी और चार जून को रिजल्ट आया था। तभी से कई शिकायतें सामने आई, जिसमें पेपर लीक की बातें कही गई।मंगलवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट से छात्रों को भी झटका लगा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पास उम्मीदवारों की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। वहीं परीक्षा रद्द करने से भी मना कर दिया।अवकाश पीठ ने एनटीए से कहा,यह इतना भी आसान नहीं है, क्योंकि आपने यह कराया है, इसलिए इसकी पूरी प्रक्रिया पर अंगुली नहीं उठाई जा सकती। पवित्रता पर असर पड़ा है।याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता मैथ्यू जे नेदुमपारा ने पीठ से काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने का अनुरोध किया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और मामले की सुनवाई के लिए आठ जुलाई का समय दिया। पीठ ने कहा,काउंसलिंग शुरू होने दीजिए, हम काउंसलिंग नहीं रोक रहे हैं।

### सोशल मीडिया प्रोफाइल से हटा लें मोदी का परिवार : प्रधानमंत्री मोदी


एजेंसी

**नई दिल्ली :** पीएम मोदी ने अपने समर्थकों से अपील की है कि वे अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से अब मोदी का परिवार हटा लें। अपने संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोदी का परिवार अभियान की सराहना की है। पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव अभियान के दौरान पूरे भारत में लोगों ने मेरे प्रति स्नेह के प्रतीक के रूप में अपने सोशल मीडिया पर मोदी का परिवार जोड़ा।









## संक्षिप्त खबरें

### जन्मदिन के पार्टी में पहुंचे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**रांची :** राहे ओपी क्षेत्र के लोहाहातु दुलमी में जन्मदिन की पार्टी में सोमवार रात पहुंचे अर्जुन महतो की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रांची पुलिस ने हत्या के आरोपित को बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। बुंडू एसडीपीओ रतीभान सिंह ने बताया कि अर्जुन महतो रात में अपने बड़े साढ़ू झरिया महतो के राहे स्थित लोहाहातु दुलमी में जन्मदिन के पार्टी में गया था।लेकिन देर होने की वजह से रात में वहीं रूक गया। इसी बीच अर्जुन महतो का छोटा साढ़ू समीर कोईरी बाउंड्री क्रॉस कर वहां पहुंचा और उसने गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया। घटना के बाद अर्जुन महतो को रांची स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अर्जुन पेशे से सब्जी कारोबारी था। वह अपने परिवार के साथ ताऊ में सब्जी का कारोबार करता था।

### 5 जुलाई के विजय संकल्प दिवस पर डूब क्षेत्र के घर-घर से ग्रामीणों की उपस्थिति हो : मुंडा

**रांची:** कोयल कारो जनसंगठन की शीर्ष कमटी की बैठक मंगलवार को शहीद भवन, तपकरा में उपाध्यक्ष अनाक्लेतुस कंडुलना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अध्यक्ष सोमा मुंडा ने विषय प्रवेश करते हुए पांच जुलाई के विजय संकल्प दिवस तथा सांगठनिक मजबूती पर विशेष कार्य योजना बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विजय संकल्प दिवस के दिन डूब क्षेत्र के घर-घर से ग्रामीणों की उपस्थिति जरूरी है, क्योंकि जब तक विनाशकारी कोयल कारो जल विद्युत परियोजना हमेशा के लिए रद्द नहीं हो जाती है, तब तक एकजुटता और ताकत को बनाए रखना है। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक ग्रामसभा से शीर्ष कमेटी के लिए प्रतिनिधियों का चयन कर भेजने के लिए पत्र सौंपा जाएगा।

# वज्रपात से मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से प्रभावित व्यक्तियों के आश्रितों/घायलों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि की निकासी एवं वितरण की स्वीकृति दी गयी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिले के 10 अंचल के स्थानीय प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से प्रभावित व्यक्तियों/आश्रितों के लिए कुल 60 लाख 21 हजार 500 रुपये की निकासी एवं वितरण की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

स्थानीय प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से प्रत्येक मृतक के आश्रित को चार लाख एवं घायल को चार हजार तीन सौ रुपये क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि का भुगतान किया जायेगा। उपायुक्त द्वारा जिला नजारत उपसमाहर्त्ता को राशि निकासी कर अंचल अधिकारी बेड़ो, ओरमांझी, अनगड़ा, कांके, लापुंग, नगड़ी, चान्हो, ईटकी, माण्डर एवं सोनाहातू को आरटीजीएस के माध्यम से राशि उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है। साथ ही उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को स्वीकृत प्रस्ताव राशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र राशि प्राप्त होने के एक सप्ताह के अंदर भेजने को भी कहा गया है।

**विभिन्न अंचलों से आवेदक/आवेदिका के नाम निम्न हैं**

झेबला उराईन (मृतक के आश्रित, बेड़ो अंचल, परदेशिया उरांव (मृतक के आश्रित, बेड़ो अंचल, कमल बेदिया (मृतक के आश्रित, ओरमांझी अंचल, अजय कुमार मुण्डा (मृतक के आश्रित, अनगड़ा अंचल, शमशेर यादव (मृतक के आश्रित, कांके अंचल, प्रमीला देवी (मृतक के आश्रित, लापुंग अंचल,मधु कुमारी (मृतक के आश्रित, लापुंग अंचल, मंगरा उरांव (मृतक के आश्रित, नगड़ी अंचल,पूजा मुण्डा (मृतक के आश्रित, नगड़ी अंचल, विशुवा उरांव (मृतक के आश्रित, चान्हो अंचल, देवचरण महतो (मृतक के आश्रित, चान्हो अंचल, अफसाना परवीन (मृतक के आश्रित, चान्हो अंचल, चरवा उरांव (मृतक के आश्रित, ईटकी अंचल, बुधवा तिर्की (मृतक के आश्रित, माण्डर अंचल, उर्मिला मिंज (मृतक के आश्रित, माण्डर अंचल, रमिला देवी (घायल, सोनाहातू अंचल, कमला देवी (घायल, सोनाहातू अंचल, दुलारी देवी (घायल, सोनाहातू अंचल, प्रदीप महतो (घायल, सोनाहातू अंचल, सबदी देवी (घायल, सोनाहातू अंचल आदि।

# विधानसभा अध्यक्ष ने मासिक पत्रिका का किया विमोचन

**पत्रिका में सीए प्रोफेशन से जुड़े हर विषयों पर विस्तृत जानकारियों विशेषज्ञों के माध्यम से तैयार किया जाता है : अभिषेक**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो के द्वारा दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची शाखा की मासिक पत्रिका ज्ञप्ति का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर रांची शाखा के मासिक पत्रिका ज्ञप्ति के अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया ने बताया कि पत्रिका में सीए प्रोफेशन से जुड़े हर विषयों पर विस्तृत जानकारियों विशेषज्ञों के माध्यम से तैयार किया जाता है।साथ ही इसमें हर महीने सीए प्रोफेशन से सम्बंधित एक बड़े पर्सनालिटी के इंटरव्यू भी देने की कोशिश रहती है। जिसमें रांची शाखा के द्वारा आयोजित गत महीने के सारे प्रोग्राम फोटोग्राफ्स सहित विस्तृत विवरण भी रहता है ।उन्होंने माननीय अध्यक्ष को जानकारी दी कि इस मासिक पत्रिका का उदेश्य सीए प्रोफेशनलों को ष्ट प्रोफेशन से संबंधित देश से महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया जाय। यह मासिक पत्रिका रांची और आस पास के लगभग 1200 चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को हर महीने भेजी जाती है साथ ही पुरे देश में ष्ट इंस्टिट्यूट के शाखाओं मैं भी इस पत्रिका को भेजी जाती है।इस कार्यक्रम में संस्थान के रांची शाखा के सचिव सीए हरेन्दर भारती और पूर्व अध्यक्ष सीए प्रभात कुमार उपस्थित थे। उन्होंने इस मासिक पत्रिका का झारखण्ड विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा विमोचन किये जाने को महत्वपूर्ण बताते हुए और उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। माननीय अध्यक्ष ने भी की पत्रिका के संस्थापक और उससे जुड़े प्रबंधन को पत्रिका की सफल प्रकाशन की शुभकामनाएं दी।

# संजय सेठ ने रक्षा राज्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची सांसद संजय सेठ ने देश के रक्षा राज्यमंत्री के रूप पदभार ग्रहण किया।

उन्होंने पदभार ग्रहण करने से पहले केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।

संजय सेठ अपनी पत्नी और पुत्र के साथ औपचारिक मुलाकात करने पहुंचे थे।

# झारखण्ड विस चुनाव के लिए कांग्रेस नेता मंजूर अंसारी को मिली जिम्मेदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकसभा चुनाव की समीक्षा के लिये बीते कल अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 24 अकबर रोड़ एआईसीसी मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। लोकसभा चुनाव के नतीजे और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने अपने सुझाव रखे।विभाग के प्रभारी के राजू एवम इमरान प्रतापगढ़ी ने झारखण्ड अल्पसंख्यक विभाग के कार्यों की तारीफ़ की और संगठनात्मक विस्तार के सुझाव दिये। आगामी हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड के चुनाव के लिये विभाग ने एक रोड मैप तैयार किया है।



जिसमें झारखण्ड विधानसभा चुनाव के लिए समाजिक समीकरण के तहत एवम मुसलमानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# सड़क दुर्घटना में मृतकों के आश्रित को मिलेगा मुआवजा, रांची डीसी से मिली स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विशिष्ट स्थानीय आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को हुई क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी गयी है।

उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। रांची जिला के 03 अंचल के तीन आवेदकों को क्षतिपूर्ति मुआवजा का भुगतान किया जाएगा। इनमे बुण्डू, बड़गाई और तमाड़ अंचल के एक-एक आश्रितों को 1-1 लाख की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।

**निम्न आश्रितों को दी जाएगी मुआवजा राशि**

आवेदक - गिरिधारी महतो, ग्राम - छोटकोलमा, पो.- एदलहातु, थाना- बुण्डूमृतक का नाम - स्व. लगनी देवी घटना की तिथि - 08.10.2023, अंचल- बुण्डू , आवेदक- सुखदेव सिंह, ग्राम- न्यू बांधगाड़ी, दीपाटोली, थाना-सदर मृतक का नाम - स्व. अमन सिंह घटना की तिथि - 20.09.2022, अंचल- बड़गाई, आवेदक किरण देवी ग्राम-कोंकाडीह, पो.-रुगड़ी, थाना - तमाड़, मृतक- स्व. त्रिलोचन महतो, अंचल- तमाड़, संबंधित अंचल अधिकारी के प्रतिवेदन अनुसार उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर, रांची एवं बुण्डू के अनुशंसा के आलोक राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा हेतु अनुदान की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# गैंगस्टर अमन साहू के सहयोगी आकाश रॉय उर्फ मोनू की जमानत याचिका खारिज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गैंगस्टर अमन साहू का सहयोगी आकाश रॉय उर्फ मोनू की जमानत याचिका एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने मंगलवार को खारिज कर दी। आकाश की ओर से वरीय अधिवक्ता दीपक कुमार ने कोर्ट से जमानत की मांग की थी। उन्होंने दलील में कहा कि आकाश राय निर्दोष है और उसे झूठे मुकदमा में फंसा कर पिछले तीन साल से जेल में रखा गया है।

वहीं दूसरी और एनआइए के वकील ने कोर्ट को बताया कि एनआइए की जांच में यह पाया गया है कि आकाश एक हार्ड कोर अपराधी है और गैंगस्टर अमन साहू का बेहद करीबी है। वह अमन साहू गैंग को हथियार उपलब्ध कराता था। शूटरों को पनाह देता था। अमन साहू गैंग के लिए पैसे की उगाही रंगदारी के माध्यम से करता था। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने आकाश राय को जमानत देने से इनकार कर दिया। आकाश के अधिवक्ता ने बताया कि बहुत जल्द एनआइए कोर्ट के इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी जायेगी। आकाश रॉय मोनू फिलहाल सिमडेगा मंडल कारा में बंद है। उस पर जानलेवा हमला, विध्वंसक कार्रवाई, सरकारी कामकाज में बाधा, रंगदारी मांगने के लिए मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज है।

# भाजपा ने संथाल आदिवासी बेटा को दिया बड़ा सम्मानः बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने उड़ीसा सरकार के नव मनोनित मुख्यमंत्री मोहन मांझी एवम दो उप मुख्यमंत्री केवी सिंहदेव एवम प्रभाती परीदा को बधाई एवम शुभकामनाएं दी है। मरांडी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की पावन भूमि पर जनता जनार्दन की सेवा करने के लिए संथाल आदिवासी समाज के बेटे को मुख्यमंत्री बनाया जाना गौरव की बात है।उन्होंने उड़ीसा भाजपा विधायक दल की बैठक में नव मनोनित दो उप मुख्यमंत्री केवी सिंहदेव एवम प्रभाती परीदा को भी बधाई एवम शुभकामनाएं दी। मरांडी ने कहा कि उड़ीसा की नव निर्वाचित राज्य सरकार प्रदेश की जनता की आशाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास के पथ पर तेज गति से अग्रसर होगी। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा ही है जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंच सकता है। सबका साथ, सबका विकास भाजपा की नीति , नीयत और संकल्प में शामिल है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने उड़ीसा के नव मनोनित मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्री को बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उड़ीसा की भाजपा सरकार जनता की सरकार बनकर गांव,गरीब,किसान दलित,वंचित की सेवा में समर्पित रहेगी।

# संजीव विजयवर्गीय ने राँची के सांसद संजय सेठ को रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री बनने पर दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राँची नगर निगम के निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने नई दिल्ली में राँची के सांसद संजय सेठ से मुलाकात कर उन्हें रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएँ दीं। विजयवर्गीय ने इस अवसर पर कहा, यह राँची और झारखंड के लिए गर्व की बात है कि संजय सेठ जी ने रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया है। उनकी नेतृत्व क्षमता और अनुभव से देश की रक्षा व्यवस्था को और भी मजबूती मिलेगी।

संजय सेठ ने विजयवर्गीय की शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, मुझे इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाने का अवसर मिला है, और मैं इसे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाऊंगा।

### गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा और आरती प्रतियोगिता 16 जून को

**रांची :** सनातनी धर्म और संस्कृति शिक्षा देने के उद्देश्य से हिंदू सहायक मंच की ओर से सनातन बच्चों के बीच गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा का पाठ और हनुमानजी की आरती प्रतियोगिता की जाएगी। यह आयोजन रातू रोड स्थित श्रीराम मंदिर चौक के श्री श्री 107 राम जानकी पंच देवता मंदिर में 16 जून को आयोजित की जाएगी । मंदिर के शंकर प्रसाद ने मंगलवार को बताया कि 6 से 13 वर्ष के बच्चे इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। सभी को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा भारत : तैयब इकराम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लॉज़ेन, स्विटज़रलैंड अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने अगले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के आयोजन का पुरस्कार भारत को दिया है। टूर्नामेंट दिसंबर 2025 में खेला जाएगा॰ यह पहली बार होगा कि एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी।

एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा॰ बड़ी और अधिक विविध संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है। हमने इस साल ओमान में एफआईएच हॉकी5एस विश्व कप में देखा कि कैसे अधिक विविधता हमारे आयोजनों में एक बड़ा अतिरिक्त मूल्य लाती है।

इसलिए, मुझे बहुत खुशी है कि हमने एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए भाग लेने वाली टीमों की संख्या में वृद्धि की है और मैं अगले साल इन 24 युवा टीमों को हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं! इस स्तर पर, मैं एक और आयोजन करने की प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं।

# कांग्रेस के झारखंड प्रभारी सहित अन्य नेताओं ने खरगे से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य वरीय नेताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मंगलवार को दिल्ली में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान झारखंड के संदर्भ में लोकसभा चुनाव सहित वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों से अवगत कराया। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति के मुताबिक, गुलाम अहमद मीर ने मल्लिकार्जुन खड़गे को लोकसभा चुनाव के संदर्भ में प्रत्येक सीट की परिस्थितियों से अवगत कराते हुए विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि पहले के मुकाबले हमने चुनाव में अच्छा संघर्ष किया लेकिन आशातीत सफलता प्राप्त नहीं कर पाए। हम जीत और हार के कारणों की विस्तृत समीक्षा करेंगे। इसके लिए समीक्षात्मक बैठक 12 जून को बुलाई गई है। इसमें हारी गयी सीटों का निचले से लेकर ऊपर स्तर तक गहनता से समीक्षा की जाएगी। मीर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के साथ ही झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए संगठन सक्रिय हो गया है। झारखंड में संगठन की मजबूती के लिए हर प्रयास किया जा रहे हैं और आगामी चुनाव तक संगठन पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रहेगा। राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में जनता ने हमारा नेतृत्व किया है और हमें सफलता दिलाई है। आगे भी हम बेहतर परिणाम के लिए संघर्ष करेंगे। झारखंड की जनता पूरी तरह से हमारे साथ है। इन पांच वर्षों में गठबंधन की सरकार ने विपरीत परिस्थितियों के बाद भी जनता के हित में बेहतर फैसले लेकर उनके जीवन स्तर में सुधार का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि हम समय-समय पर घोषणा पत्र की समीक्षा करते रहते हैं ताकि वादों के अनुसार जनहित के फैसलों को लागू करते रहें। ठाकुर ने कहा कि सरना धर्म कोड, ओबीसी आरक्षण, रोजगार, किसानों की ऋष्टा माफी, पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने जैसी घोषणाएं हमारी सरकार ने पूरे किए हैं लेकिन कुछ बिलों को केंद्र सरकार के स्तर पर लंबित रखा गया है।

# रिम्स की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए निदेशक ने की बैठक




**प्रभाात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रिम्स की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए रिम्स प्रबंधन गंभीर है। रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार ने मंगलवार को बड़गाई अंचल के सर्किल ऑफिसर के साथ बैठक की और उन्हें अतिक्रमित जमीन को जल्द से जल्द मुक्त कराने का आग्रह किया। निदेशक ने कहा कि रिम्स की जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा किया हुआ है। कहीं दीवार टूटी हुई है तो कहीं घर और दुकान बने हुए हैं। रिम्स की जमीन पर 148 अतिक्रमणकारियों का कब्जा बना हुआ है। निदेशक ने कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने डीजीपी से भी चर्चा हुई की है। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन की मदद से रिम्स की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा।

## भाजपा कार्यकर्ता के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के सोनार टोला निवासी सुधीर सोनार उम्र 56 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। जानकारी के अनुसार अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई।उनके परिजनों द्वारा इलाज के लिए सिल्ली सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।इस घटना से पुरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनका अंतिम संस्कार मुरी स्वर्ण रेखा मुक्ति धाम में किया गया। सुधीर सोनार भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता थे।

## भाजपा कार्यकर्ता सुधीर सोनार के निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने जताया शोक

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के सक्रिय एवं पुराने कार्यकर्ता सिल्ली निवासी सुधीर सोनार के निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची सांसद संजय सेठ ने शोक व्यक्त किया है एवं परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया है। उन्होंने बताया कि वे मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद पदभार ग्रहण हेतू अभी न?ई दिल्ली में हैं जैसे ही सूचना मिली विश्वास नहीं हुआ सुधीर सोनार भाजपा के सच्चे एवं कर्मठ कार्यकर्ता थे उनका असामायिक निधन संगठन के अपूर्णीय है। दिल्ली से लौटते ही परिजनों से मुलाकात करेंगे। वहीं भाजपा नेता विनय महतो धीरज ने भी इनके निधन पर दुःख और परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया है।

## विधायक ने पुष्पगुच्छ देकर नवनिर्वाचित विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को बधाई दी

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के गांडेय विधानसभा सीट से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन जी ने विधानसभा सदस्य के पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।मौके पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने बधाई दिया।

## उप विकास आयुक्त ने किया सतगावां प्रखंड का दौरा

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखंड सभागार में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं मनरेगा, अबुआ आवास योजना समेत कई बिंदुओ पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी।बैठक में मुख्य रूप से बीडियो सौरभ कुमार, सीओ-ओमप्रकाश बड़ाईक, मनरेगा लोकपाल , परियोजना पदाधिकारी, परियोजना अर्थशास्त्री, जिला प्रशिक्षण समन्वयक ,सहायक अभियंता , कनीय अभियंता समेत प्रखंड कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के तहत वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान योजना ,बिरसा हरित ग्राम योजना बिरसा सिचाई कूप संवर्धन मिशन ,आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एंव मनरेगा अंतर्गत योजनाओं की पूर्णता आदि की विन्दुवार समीक्षा की गयी।साथ ही उन्होंने वीर शहीद पोटो हो योजना व बिरसा सिचाई कूप योजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिए।वहीं उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लिए गए आम बागवानी योजना में 15 जून से पूर्व गड्ढ़ा खुदाई का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि ससमय पौधारोपण किया जा सके। बैठक में प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन 100 मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।इसके आलावे उन्होंने कहा कि वैसी योजनाएं जिसमें 90 ?से अधिक कार्य पूर्ण है ।उन्हें जल्द से जल्द पूरा करते हुए योजना को बंद करने का भी निर्देश दिए।वहीं उन्होंने समीक्षा के क्रम में अबुआ आवास के तहत आवासों के निर्माण में तेजी से प्रगति लाने की बात कही तथा ससमय जियो टैग करने का निर्देश दिए।साथ ही उन्होंने पंचायत सचिव को लंबित आवासों का निरंतर मोनिटरिंग करने व ग्राम रोजगार सेवकों को अबुआ आवास योजना के लाभुकों को मनरेगा अभिसरण के तहत मजदूरी का भुगतान ससमय करने का निर्देश दिया।बैठक में सहायक अभियंता बादल दास विधाता, कनीय अभियंता संदीप कुमार ,मनीष कुमार, इंद्रदेव चौधरी, प्रखंड समन्वयक बिजय कुमार के आलावे पंचायत सचिव,राजस्व निरीक्षक ,राजस्व उप निरीक्षक ,ग्राम रोजगार सेवक एंव बीएफटी मौजूद थे।

## बिहार के किसानों के लिए वरदान बना श्रीराम सुपर 4400 धान बीज, बढ़ी उत्पादकता

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार के किसानों ने बताया कि डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की इकाई श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस की ओर से पेश किए गए श्रीराम सुपर 4400 धानबीज से बदलती प्रकृति में भी उनकी उत्पादकता बढ़ी है । आधुनिक अनुसंधान द्वारा विकसित की गई धान की किस्म, श्रीराम सुपर 4400, बिहार के किसानों में बेहद लोक प्रिय हो रही है। इसमें मजबूत तना, लम्बी बालियाँ, भरपूर दाने, रोगों के प्रति सहनशीलता और कम समय व कम पानी में अधिक पैदावार मिल ने के चलते ये बीज बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, झारखंड के किसानों में लोकप्रिय बन गया है। बिहार, देवरिया के ऐसे ही एक जागरूक किसान अवदेश मिश्रा का कहना है कि श्री राम सुपर 4400 में15-20 कल्ले, चमकदार दाने, कम समय में अधिक पैदावार और रोगप्रति रोधक क्षमता है। वे अन्य किसानों को भी श्रीराम सुपर 4400 लगाकर भरपूर लाभ ले ने की सलाह देते है।

## स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत राजावर के बिरहोर टोला में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0रामाशीष चौधरी के नेतृत्व में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों का जांच किया गया। वहीं न्यू बोर्न बेबी किट का भी वितरण किया गया ।इस दौरान 70 मरीजों की जांच की गयी।जिसमें मलेरिया जांच, एनसीडी स्क्रीनिंग, बीपी, आरबीएस, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की गयी।इस सम्बंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामाशीष चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग सतगावां के द्वारा जगह जगह पर कैंप लगाकर लोगों का इलाज किया जा रहा है। वहीं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य शिविर कैंप में -प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामाशीष चौधरी, सीएचओ अंकीत कुमार, एमपीडब्ल्यू अमीत कुमार, गणेश दिनदयाल कुमार, सुनील, कुमार, एएनएम रंजना कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

## आंगनवाड़ी की सेविकाओं ने मनाया अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज तितली संस्था की ओर से जिले में 100 आंगनवाड़ी की सेविकाओं ने अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाया । इस दौरान बच्चों को खेल-कूद की जानकारी व खेलने-कूदने के लाभ को बताने वाली गतिविधियों में हिस्सा लेने को प्रेरित किया गया। सेविकाओं ने बच्चों एवं समुदाय के सदस्यों के साथ अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न खेल खेलवाकर एवं केंद्र में विभिन्न खेल का केंद्र लगाकर बच्चों को खेलने देकर अपना योगदान दिया। सेविकाओं ने बच्चों के साथ खेलना क्यों जरूरी है,उनसे हमें क्या लाभ है एवं भारत में कौन-कौन से खेल खेले जाते है , उसपर चर्चा कि गई। इस प्रकार कोडरमा जिले के आंगनवाड़ियों में अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस की गतिविधि सफलता पूर्वक की गई।

## जेसीबी ट्रक के टायर मे हवा भरने के दौरान ब्लास्ट, मिस्त्री की मौत

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग पर नवलशाही के बिंडोमोह मोड़ के समीप पंचर दुकान में एक जेसीबी में हवा भरने के दौरान टायर ब्लास्ट होने से टायर मिस्त्री की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान इजहार खान उम्र लगभग 51 वर्ष पिता स्वर्गीय कलू खान ग्राम बिंडोमोह ,थाना नवलशाही के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दुकान संचालक रोज की तरह सोमवार को भी अपने दुकान में टायर पंचर बना रहा था। इसी दौरान सोमवार देर संध्या जेसीबी का टायर पंचर बनाकर उसमें हवा भरने के क्रम में टायर ब्लास्ट हो गया जिसके कारण दुकान संचालक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही नवलशाही पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए मंगलवार को सदर अस्पताल भेज दिया। दूसरी ओर परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है।

# उप विकास आयुक्त ने किया मुरहू प्रखंड क्षेत्र का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने मुरहू प्रखंड अंतर्गत कोड़ाकेल एवं कुड़ापुर्ति पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गावों का भ्रमण कर क्रियान्वित योजनाओं के कार्य प्रगति का भौतिक निरीक्षण किया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुरहू को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपविकास आयुक्त द्वारा क्षेत्र भ्रमण के क्रम में अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन योजना एवं जलछाजन योजना का निरीक्षण किया गया। मौके पर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया कि अबुआ आवास निर्माण हेतु भुगतान किये गये किस्त के अनुरूप कार्य पूर्ण किया जाय ताकि ससमय आवास निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा सके। मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन योजना में निर्देश दिया गया कि बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन योजना में जिन कूपों की खुदाई का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन कूपों के लिए पत्थर उपलब्ध करा कर बरसात से पूर्व पटाई का कार्य पूर्ण कर लिया ताकि बरसात में कूप को धंसने से बचाया जा सके। क्षेत्र भ्रमण के दौराण पीएमएवाई- ग्रामीण के जिला समन्वयक, डीआरडीए के सहायक परियोजना पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मुरहू, प्रखण्ड समन्वयक, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

# पाकिस्तानी कॉल से लोग दहसत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तोपचाँची :** तोपचाँची थाना छेत्र में बीते कई दिनों से लोग है परेशान, बच्चों को पढ़ाई के लिये बाहर भेजना हुआ मुश्किल, पाकिस्तानी कर रहे है परेशान, ये सब चलता रहे तो गिर जाये गा उच्च शिक्षा का स्तर, बिद्यार्थी भी चिंता में, अभिभावक द्वारा दिया गया स्क्रीन शॉर्ट से साफ पता चल रहा है की ये नंबर +92 पाकिस्तान का है,आखिर पाकिस्तानी चाहते क्या है?, क्या कर रही है हमारे सरकार?. कँहा है बड़े बड़े सम्बंधित अधिकारी?. लोगों को पाकिस्तान के कोड +92 से फोन किया जा रहा है, जिसका नंबर +92 3070593098, +92 3250733132, इसी तरह के नम्बर से फ़ोन कर अभिभावक को डराया ओर धमकाया जा रहा है, पुलिस बन कर कॉल किया जा रहा है,बजापते अभिभावक का नाम लें कर, जैसे - आप का बच्चा जेल में है, उसने चोरी की है, उसने लड़की से गलत काम किया, इत्यादि, बता कर अभिभावक से पैसे का डिमांड करता है, ओर बच्चा को पैसा के बदले छोड़ने का बात करता है, जिसके कारण लोग बच्चों को बाहर भेजनें से डरने लगे है, आस-पास में कोई अच्छा साधन नहीं होने के कारण बाहर भेजना भी मज़बूरी है,

लोगों का कहना है की इस तरह के कॉल करने वाले को, सरकार कड़ी से कड़ी सजा दे, ताकि अभिभावक अपने बच्चों को बाहर भेजनें में किसी तरह का डर ना हो।

# ईसीआरकेयू के बैनर तले लोको रनिंग काउंसिल खलारी सेक्शन का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन बरकाकाना शाखा अंतर्गत लोको रनिंग काउंसिल खलारी सेक्शन का गठन मंगलवार को खलारी स्टेशन परिसर में किया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज़्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश तथा ए.आई.आर.एफ के जनरल सेक्रेटरी ओपी शर्मा उपस्थित थे. बैठक में सभी यूनियन पदाधिकारियों की उपस्थिति में खलारी में पदस्थापित लोको पायलेट्स के बीच लोको रनिंग काउंसिल का गठन किया गया. जिसमें बी कच्छप अध्यक्ष तथा आर पी कुमार को सचिव मनोनीत किया गया.इनके अलाव अन्य सदस्यों का भी चयन हुआ.

वहीं बैठक में उपस्थित लोको पायलेट्स ने अपनी विभिन्न समस्याओं को केंद्रीय पदाधिकारियों के समक्ष रखा. साथ ही कहा कि दूसरे संगठन के अंतर्गत रहकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उन्होने पुर्व में कई आंदोलन किए लेकिन समधान नही हुआ. सभी भरोसा जताया कि ईसीआरकेयू ही वह मान्यता प्राप्त संगठन जो हमारी समस्याओं करेगा. बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि मो ज़्याऊद्दीन ने कहा कि संगठित होकर ही हम अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं. सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने भी अपनी बातों को रखते हुए कहा कि रनिंग कर्मचारी फ्रंट लाइन कर्मचारी हैं और प्रशासन सहित केन्द्र सरकार को भी हमारी समस्याओं का निदान करना होगा. इसके लिए हमें एकजुट होकर आंदोलन करना होगा. वहीं बैठक के समापन के पुर्व सभी नव मनोनीत रनिंग कौंसिल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को केन्द्रीय पदाधिकारियों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया. बैठक में बरकाकाना शाखा सचिव महेंद्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर प्रसाद, सहायक सचिव विकास कुमार ,सी पी दूबे, मनोज कुमार, डी के पासवान, जीतेन्द्र कुमार, यू एस, सिन्हा, ए ए आलम, कुमार शांतनु, आर पी कुमार, एस के पाल, अरूण कुमार, एम राम, मंटू कुमार, नागेन्द्र, डी पी लोहानी, रीतेश, राहुल, ए टोप्पो, अमरेन्द्र, अविनाश, संजीत, डी के भारती, मनीष, मिथिलेश, आर आर कुमार, आर रंजन सहित कई रेलकर्मियों ने भाग लिया ।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को सम्मानित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए स्कूल परिसर में एक विशेष सभा आयोजित की गई। बोर्ड परीक्षा में 90त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की उनकी लगन और कड़ी मेहनत के लिए सराहना की गई। प्रकृति के प्रति प्रेम को पोषित करने और सस्टेनेबल डेवलप्मेंट गोल्स को पूरा करने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए उन्हें पौधे उपहार में दिए गए। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों के निरंतर प्रयासों की सराहना की और उन्हें अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्रम को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### हजारीबाग के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का पिपरवार दौरा आज

# बचरा में होगा नागरिक अभिनंदन, भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का आज पिपरवार क्षेत्र के बचरा में नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जोर-जोर से तैयारी की जा रही है।सांसद मनीष जायसवाल के पिपरवार दौरे को लेकर मंगलवार को भारतीय मजदूर कार्यालय बचरा में भाजपा पिपरवार मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सांसद मनीष जायसवाल के पिपरवार दौरे को लेकर विचार विमर्श किया गया।

मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि हजारीबाग के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का पिपरवार मे आभार मतदाता कार्यक्रम होना है।इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई,जिसमें इसकी तैयारी को लेकर चर्चा की गई।

उन्होंने कहा कि पिपरवार के कल्याणपूर चौक,कारो शिव मंदिर, किचटो का दौरा करते हुए सांसद मनीष जायसवाल दोपहर 3 बजे बचरा चार नम्बर चौक पहुंचेगे,जहां सांसद के द्वारा शहीद कृष्णा महतो,सरदार वल्लभ भाई पटेल और डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। जिसके बाद बचरा ऑफिसर्स क्लब में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में सांसद मनीष जायसवाल शामिल होंगे।उन्होंने पिपरवार क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं सहित एनडीए गठबंधन के सभी लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।बैठक में मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद महतो,बीएमएस के एसके चौधरी,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो,रविन्द्र सिंह, विनय सिंह,चितामन महतो, मणिलाल महतो,मुकेश कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कर्रा में दिव्यांग छात्रों का जांच शिविर एवं उपकरण का वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के महत्वकांक्षी योजना के तहत आज छात्रों का राजकीय मध्य विद्यालय कर्रा में 3 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी छात्रों का जांच शिविर एवं उपकरण वितरण का आयोजन कैम्प प्रभारी बीपीओ मनमोहन साहु के नेतृत्व में किया गया. जिसमें समावेशी शिक्षा के विशेष शिक्षक कमला प्रभा तिग्गा एवं थेरेपिस्ट प्रेमलता कुमारी ने सभी छात्रों का निबंधन कराया. जांच शिविर में अलीम्को कानपुर से डाक्टरों के विशेषज्ञ टीम आई थी इसके अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र के चाईल्ड स्पेस्लिट डाक्टर विक्रम भी थे, जांच शिविर में प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी भी उपस्थित थे. जांच शिविर में जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरुपा पाल चौधरी एवं सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनय जायसवाल मुख्य रुप से उपस्थित रहे. जांच शिविर में छात्र अपने माता - पिता एवं शिक्षकों के साथ आए जिसमें कुल 83 दिव्यांग छात्रों का निबंधन कराया गया तथा सभी का जांच भी किया गया. इसके अतिरिक्त यू. डी.आई.डी.के लिए भी आनलाईन निबंधन कराया गया. पूर्व में जांच किए गये सभी छात्रों के बीच आवश्यकतानुसार उपकरण का भी वितरण किया गया, वितरण के समय उपकरण पाने वाले सभी छात्र - छात्रा काफी उत्साहित नजर आ रहे थे.कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रभारी विनय कुमार सिंह ,संकुल साधन सेवी संदीप कुमार सिंह एवं टाटा ट्रस्ट सिंनी के मो. का मुर्शीद अहम योगदान रहा।

# चलती मोटरसाईकिल में लगी आग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो थाना क्षेत्र के रोगाडीह पतरा टोली मोड के समिप मंगलवार को 10 बजे पल्सर मोटरसाइकिल न0-JH01 FD9086 चलते चलते अपने आप आग लग गई। मोटरसाईकिल चालक और मोटरसाईकिल सवार गाड़ी से धुआं उठता देखकर किसी प्रकार भागकर अपनी जान बचाई। अभी देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी से घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसे गर्मी में नेहालु कपरिया गाँव निवासी बुधू महली अपने घर से मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने बेटे के शादी निमंत्रण कार्ड बाटने निकला था। तभी रोगाडीह पतरा टोली मोड के समिप अचानक गाड़ी में आग लग गयी। आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझा और गाड़ी पुरी तरह जल गई। घटना की सूचना मिलते ही नेहालु पंचायत के मुखिया वीरेन्द्र भगत, उप मुखिया जितिया उरांव ग्रामीणों के साथ घटना स्थल पहुंचे और घटना का जानकारी लिये।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई- अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RDSPL/SD/HZB/04/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/04/01/2024-25 | बड़कागांव | नव प्राथमिक विद्यालय, नापोखुर्द का उन्नयन कार्य। | 5434300.00 | 108700.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB/04/02/2024-25 | चुरचू | मध्य विद्यालय फुसरी का उन्नयन कार्य। | 9363800.00 | 187300.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB/04/03/2024-25 | चुरचू | प्राथमिक विद्यालय चरही सड़बाहा का चाहरदिवारी एवं गेट निर्माण। | 5684900.00 | 113700.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 4. | RDSPL/SD/HZB/04/04/2024-25 | केरेडारी | उत्क्रमित मध्य विद्यालय सयाल में उन्नयन कार्य। | 6104000.00 | 122100.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 5. | RDSPL/SD/HZB/04/05/2024-25 | चुरचू | उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरहद में उन्नयन कार्य। | 7529900.00 | 150600.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 6. | RDSPL/SD/HZB/04/06/2024-25 | केरेडारी | ग्राम पंचायत हेवई के गाम पहरा में कौषल विकास केन्द्र–सह–बहुद्देशीय भवन निर्माण | 9993200.00 | 199900.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 7. | RDSPL/SD/HZB/04/07/2024-25 | बड़कागांव | पंचायत बड़कागांव पूर्वी के ग्राम बरवाडीह में कौषल विकास केन्द्र–सह–बहुद्देशीय भवन निर्माण | 9993200.00 | 199900.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 8. | RDSPL/SD/HZB/04/08/2024-25 | बड़कागांव | ग्राम पंचायत बादम में कौषल विकास केन्द्र–सह– बहुद्देशीय भवन निर्माण | 9993200.00 | 199900.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 9. | RDSPL/SD/HZB/04/09/2024-25 | केरेडारी | ग्राम पंचायत केरेडारी में कौषल विकास केन्द्र–सह–बहुद्देशीय भवन निर्माण | 9993200.00 | 199900.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 10. | RDSPL/SD/HZB/04/10/2024-25 | बड़कागांव | ग्राम पडरिया में अजीमुद्दीन के घर से आंगनबाड़ी केन्द्र तक गार्डवाल निर्माण। | 23475100.00 | 469502.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 11. | RDSPL/SD/HZB/04/11/2024-25 | बड़कागांव | पंचायत गरसुल्ला के ग्राम–चानो से लुरुंगा के बीच धोबनी नदी पर पुल निर्माण। | 11047900.00 | 221000.00 | 10000.00 | 9 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.06.2024 से दिनांक 01.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 03.07.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 325893 Rural Development (24-25)_D

# सड़क दुघर्टना में दो पुलिसकर्मी घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** मुरी गोला मुख्य मार्ग के कुतरु के समीप मंगलवार की सुबह ट्रेलर की चपेट में आने से गस्ती कर रहे दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक रोजाने की तरह मुरी ओपी की गस्ती गाड़ी जे एच 01बी एफ 5373 से मुरी गोला मुख्य मार्ग पर गस्ती के लिए निकले थे अचानक विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रेलर ने ओपी गस्ती बोलेरो को साइड से मारते हुए भाग निकला।इस घटना से गस्ती गाड़ी बोलेरो पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।और ड्यूटी में तैनात दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया।जिनका इलाज सिंगपुर नर्सिंग होम में किया गया एवं बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार भाग रहे ट्रेलर को बंगाल के झालदा में पकड़ लिया गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## दाने-दाने को मोहताज आदिवासी परिवार निकला लखपति, बिचौलियों ने उड़ाए थे लाखों रुपए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** पिछले चार जून को चतरा जिले के टंडवा प्रखंड स्थित शिवपुर गांव के एक आदिवासी परिवार माघो गंझू व उसके नावल्द भाई तुलेश्वर गंझू पिता झोतर गंझू के सनसनीखेज मामला सामने आया था। उक्त मामले पर लाखों रुपए की पैतृक भूसंपदा सीसीएल व रेलवे को देकर दाने-दाने को मोहताज एक आदिवासी परिवार का विभिन्न अखबारों में खबरें छपी थी। जिसमें भोलेपन व निरक्षरता का फ़ायदा उठाकर बिचौलियों की ठगी। ना राशन, ना पेंशन कैसे कटेगी बरसात की जिंदगी!? का यथार्थ अंकित किया था। उक्त खबर ने कोयलांचल व औद्योगिक नगरी में व्याप्त छद्म चकाचौंध व स्थानीयों की बदहाली पर लोगों को चिंतन करने के लिए मजबूर कर दिया।पूरे मामले का परत दर परत खुलासा लोगों के बीच तब आया जब भुक्तभोगी परिजन की बेटी स्थानीय लोगों की मदद से पूरे मामले की तहकीकात करने लगी तथा थाना में शिकायत करने की बात पर गांव के हीं कुछ बिचौलियों ने अकाउंट व एटीएम सुपूर्द कर दिये जिसमें उक्त राशि गोपनीय तरीके से अपने परिजनों व अन्य लोगों के बीच हस्तांतरित किये गये थे। लोगों के बीच अनुनय - विनय कर गबन की राशि बिचौलियों ने भुक्तभोगी परिवार को लौटाने का आश्वासन दिया है। बहरहाल, भुक्तभोगी की बेटी को दायित्वबोध हुआ जिससे अपने पिता व नावल्द चाचा को अपने साथ ससुराल ले गई है। वहीं हाईप्रोफाइल फर्जीवाड़े के जरिए बिचौलियों ने मुआवजे के तौर पर प्राप्त कुल राशि में से लगभग छः लाख रुपए डकार लिये। इसके लिए फर्जी वंशावली बनाया गया तथा मुआवजा दिलाने के नाम पर लाभुक को गुमराह व बगैर जानकारी दिए एटीएम कार्ड बनाकर अपने परिजनों व सफेदपोशों को राशि स्थानांतरित किये जाने का मामला प्रकाश में आया। सूत्रों की मानें तो इस गड़बड़झाले में शामिल लोगों के विरुद्ध उच्चस्तरीय जांच होने से बड़े सिंडिकेट का सलाखों के पीछे जाना तय माना जा रहा है।

## बालूमाथ में राजद अध्यक्ष लालू यादव का जन्मदिन मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल रॉयल में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव का जन्मदिन केक काटकर राजद कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। बालूमाथ राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें सबसे पहले लालू यादव के चित्र पर टीका लगाकर केक काटा गया। और जन्मदिन की बधाई दिया ।मौके पर बोलते हुए प्रीतलाल यादव ने कहा कि लाल यादव गरीबों दलित शोषितो एवं आदिवासियों के नेता है। लालू यादव के कारण ही आज सामाजिक न्याय लोगों को मिल पाया है। मौके पर जिला अध्यक्ष मजदूर प्रकोष्ठ मनोज यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ यादव, सुरेश राम, सत्येंद्र यादव, अशोक भुइयां, भीम कुमार, चंद्रदेव कुमार रवि, कमलेश यादव, अजय यादव, निरंजन यादव, सुबोध उरांव, राजन यादव, अर्जुन उरांव,विनोद कुमार यादव, श्यामलाल भुइयां, वासुदेव भुइया, संतोष राम, तुषार कुमार रवि, दीपक यादव, अनुज यादव समेत कई राजद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पत्रकार मोकिम अंसारी के साथ हुए मारपीट में सिमरिया थाना प्रभारी लाइन हाजिर



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्रकार मोकिम अंसारी के साथ हुए मारपीट के मामले में सिमरिया थाना प्रभारी चंदन कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया। यह कार्रवाई जिले के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने की है। हालांकि पुलिस अधीक्षक ने एसआई चंदन कुमार के अलावे जिले के अन्य थानेदारों को भी फेर बदल किया है। मालूम हो कि पत्रकार मोकिम अंसारी के द्वारा एक अवैध निजी विद्यालय प्रगति सेंट्रल स्कूल के विरुद्ध गर्मी की छुट्टी के बावजूद विद्यालय खोलने तथा बच्चों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने के मामले में खबर प्रकाशित की गई थी। खबर प्रकाशित के बाद विद्यालय के संचालकों ने पत्रकार के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में थाना प्रभारी द्वारा दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी। जो बिल्कुल गलत था।

## बालूमाथ में भाजपा का विजय जुलूस आज

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनने एवं चतरा लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह के विजई होने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आज विजय जुलूस निकाला जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद साहू ने बताया की जुलूस आज दोपहर 3:00 बजे से बालूमाथ के शहीद चौक से निकाला जाएगा ।जो पूरे बालूमाथ का नगर भ्रमण करेगा। उन्होंने भाजपा के सभी प्रखंड जिला एवं प्रदेश सदस्य स्तरीय कमेटी के सदस्यों के अलावा स्थानीय लोगों से भी इस कार्यक्रम में भाग लेने का अपील किया है।

## महागठबंधन ने लालू प्रसाद यादव के 77 वें जन्मदिन पर लालू परिवार को भेजी शुभकामनाएं

**मयूरहड, चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत के पूर्व रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन पर महागठबंधन की नेताओं ने लालू प्रसाद यादव की स्वस्थ जीवन और लंबी उम्र की कामना करते हुए इन्हें शुभकामनाएं दी है।प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष श्री रामभरोष यादव ने प्रभात मंत्र से बातचीत करते हुए बताया कि बिहार की सियासत का सबसे बड़ा चेहरा लालू प्रसाद यादव को भारत ही नहीं पूरी दुनिया जानती है जन्मदिन पर दो टुक चर्चा करते हुए श्री यादव ने कहा कि लालू यादव के पिता कुंदन राय भैंस चराकर अपने परिवार का भरण पोषण क्या करते थे।बड़े भाई की पटना में वेटरनरी कॉलेज में नौकरी लगने के बाद इन्होंने अपने छोटे भाई लालू प्रसाद यादव को पटना बुला लिए और यहीं पर इनकी आगे पढ़ाई की शुरुआत हुयी।श्री यादव ने बताया कि लालू प्रसाद बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी थे और चेहरे से गोल मटोल थे इनका नाम प्रसाद था बाद में प्रसाद में लालू जोड़ा गया और ये फिर लालू प्रसाद यादव बन गए। गरीबों पिछड़ों दलितों के नेता लालू प्रसाद यादव से जुड़े पहलुओं पर चर्चा करते हुए बीस सूत्री अध्यक्ष ने बताया कि जब देश में इमरजेंसी लगा तो ये जेपी आंदोलन में कूद पड़े और वहीं से इनका राजनीतिक कैरियर अपना नया रास्ता अख्तियार कर लिया और उसके बाद से फिर लालू यादव का परिवार पीछे मुड़कर नहीं देखा। 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि लालू प्रसाद यादव अपने जीवन में कठिनाइयों से बहुत कुछ सीखा और पटना में जब ये पढ़ाई कर रहे थे तब उस समय इन्होंने रिक्शा चलाने का काम किया और चाय की दुकान पर ग्राहकों को चाय देने का काम किया लेकिन जेपी आंदोलन ने इन्हें जीरो से हीरो बना दिया। श्री यादव ने बताया कि आज के दौर में बिहार की राजनीति में लालू प्रसाद यादव से ही सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की लड़ाई होती है।आपको बता दें कि लालू प्रसाद यादव का जब जन्मदिन आता है तो एक कहावत खूब चर्चा में होता है। जब लालू प्रसाद यादव प्रारंभिक पढ़ाई करने के लिए स्कूल पहुंचे और इनको विद्यालय के शिक्षक में पुछा आपका जन्म तारीख क्या लिखूं तब लालू प्रसाद यादव ने कहा था आपको जो समझ में आता है लिख दीजिए उस समय के दौर में शिक्षक ने इनका जन्मदिन 11 जून 1948 लिख दिया और वही इनका असली जन्मदिन कहलाने लगा।

## बीडीओ की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को बालूमाथ बीडीओ सोमा उराँव की अध्यक्षता में बालूमाथ प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। मौके पर बालूमाथ बीडीओ सोमा उराँव ने प्रखंड में चल रहे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ अवास को जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। इसके अलावा पीएम आवास, मनरेगा का योजना आम बागवानी, टीसीबी समेत पूर्व की सभी लंबित योजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। कहा, मानसून आने से पहले योजना पूरा करें एवं अबुआ आवास समय से पूरा कर लक्ष्य की प्राप्ति करें। इस कार्य में जो भी कर्मी लापरवाही बरतेंगे उस पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बालूमाथ बीपीओ मुजफ्फर कमाल, एई दिनेश सिंह, जेई बाबूलाल उराँव, कम्प्यूटर ऑपरेटर संजय यादव, विभिन्न पंचायत के पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## प्रखंड में विकास योजनाओं की अमलीजामा पहनाने को लेकर मुखिया संग व बीडीओ ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड, चतरा :** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद प्रखंड में विकास योजनाओं की अमलीजामा पहनाने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री मनीष कुमार ने प्रखंड के सभी पंचायत के मुखियाओं संग बैठक की। बैठक में विकास पर चर्चा करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि प्रखंड में विकास की योजनाओं को हर एक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था किया गया है जिसमें पंचायत जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम होती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड में मनरेगा मजदूरों को 100 दिन की रोजगार मुहैया कराने के लिए प्रखंड प्रशासन सक्रिय है और किसी भी मनरेगा मजदूर को भूखे पेट सोने नहीं दिया जाएगा। वहीं प्रखंड में 50 साल की सभी महिलाओं को पेंशन और 60 साल पूरा करनेवाले वृद्धजनों के पेंशन के लिए वहीं जाति आवासीय आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने का दौर अब खत्म हो चुका है और जो भी प्रखंड कार्यालय आएंगे उनका कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण किया जाएगा और जो ज्यादा जरूरी होंगे उसे 24 घंटे के भीतर पूरा किया जाएगा।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि गरीबों को आवास व राशन बहुत जरूरी है और इसमें संबंधित कर्मी अगर लापरवाही बरतते हैं तो उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। कड़क अंदाज और सख्त रुख के कारण चर्चा में बने रहनेवाले प्रखंड विकास पदाधिकारी इसबार चेहरे मुस्कान बिखरते हुए नजर आए। बताते चलें कि प्रखंड विकास पदाधिकारी संग बैठक में पंचायत के फूलांग और मझगावां पंचायत के मुखिया को छोड़कर सभी पंचायत के मुखिया खासकर करमा पंचायत के समाजसेवी सह लोकप्रिय मुखिया श्री रामनाथ यादव, पंदनी पंचायत के मुखिया हरि भुईयां बैठक में शामिल हुए।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 77 वां जन्मदिन मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के समीप राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 77वां जन्मदिन पर केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह, जिला सचिव बबलू गिरी, छात्र जिला अध्यक्ष सुशील यादव, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष यादव, चिंटू कुमार, जीत महान सिंह, वीडियो सिंह, रुस्तम अंसारी, वकास अंसारी, असलम खान, अंकित यादव, अनिल सिंह, मंटू यादव, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## नेतरहाट में बाल संरक्षण एवं सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अल्का हेंब्रम की अध्यक्षता में नेतरहाट आवासीय विद्यालय में बच्चों एवं शिक्षकों के बीच बाल संरक्षण एवं सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में बाल तस्करी को रोकने एवं अनाथ हुए बच्चों के लिए आंगनबाड़ी स्तर पर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जिससे अनाथ हुए बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़कर शिक्षा से जोड़ा जा सके। एवं वहां पढ़ने वाले बच्चों को सोशल मिडिया से होने वाले कुप्रभाव एवं बचाव हेतु परामर्श दिया गया। जिले में बच्चों को हर एक तरह से सुरक्षा प्रदान करने के लिए चाईल्ड हेल्प लाईन एवं रेलवे चाईल्ड हेल्प डेस्क संचालित है। जिसके द्वारा बच्चों को बाल मजदूरी, बाल विवाह तथा बाल तस्करी का शिकार होने से रोकने हेतु 24×7 चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 संचालित है।जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रीना कुमारी ने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना के तहत बच्चों की संरक्षण एवं सुरक्षा का कार्य किया जा रहा है। जिसमें स्पॉन्सरशिप योजना के तहत अनाथ हुए बच्चों को प्रत्येक माह 4000 रूपए दिया जा रहा है। जिससे वैसे अनाथ बच्चें शिक्षा से वंचित न हो सके। जिले में बच्चों की सुरक्षा के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई कार्य कर रही है। इसके साथ ही मिशन वात्सल्य योजना के तहत विभिन्न तरह की सेवाएं संचालित हो रही है। जिसमें संस्थागत देखरेख के तहत जिले में बालगृह एवं विधि-विवादित बच्चों के लिए संप्रेक्षण गृह पलामू में है। गैर संस्थागत देखरेख के लिए विशेष दत्तक ग्रहण संस्था प्रायोजन (Sponsorship) पालन पोषण देखरेख, आफ्टर केयर, रेलवे चाईल्ड हेल्प लाईन और चाईल्ड हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी।उसके बाद विधि-सह-परिवीक्षा पदाधिकारी, मनोज कुमार सिंह के द्वारा किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, बाल श्रम, पोक्सो कानून के बारे में शिक्षकों एवं बच्चों के बीच विस्तृत जानकारी दी गई। बाल श्रम, पोक्सो कानून और शिक्षको का बच्चों के प्रति कार्य एवं दायित्व के बारे में पम्पलेट का वितरण किया गया।

## बढ़ती व तपती गर्मी को देखते हुए 15 जून तक सभी सरकारी व निजी विद्यालय को बंद करने का जारी हुआ निर्देश


झारखंड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
:: आदेश ::

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिक्षा विभाग ने बढ़ती तपती एवं भीषण गर्मी को देखते हुए अगले 15 जून तक सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों को बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है। यह आदेश अगले 15 जून तक प्रभावी रहेगा। यदि इस बीच कोई भी सरकारी या गैरसरकारी विद्यालय में पढ़ाई या खोली जाती है तो शिक्षा विभाग के विरुद्ध होगा।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट टोंगरी प्रीमियर लीग का हुआ शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के बानपुर रोड राजकीय पोलिटेक्निक संस्थान बगल में टोंगरी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट टोंगरी प्रीमियर लीग (टीपीएल) का शुभारंभ हो गया है। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने टीपीएल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेलों से सामाजिक समरसता बढ़ती है सुरेंद्र कुमार ने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। उद्घाटन के बाद मैच को प्रारंभ किया गया। मैच पुलिस लाइन बनाम पॉलिटेक्निक कॉलेज के बीच खेला गया।जिसमें पोलिटेक्निक कॉलेज जीत हासिल की। ऐसे आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है।इससे पहले आयोजन समिति के गौरव दास पांडेय ने डीटीओ को बुके भें कर सम्मानित किया।मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास तिवारी, मुकेश कुमार पांडेय, जीतेंद्र पाठक, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, लक्ष्मी प्रसाद,सुभाष सिंह, सुकू प्रधान, साजन कुमार अश्विनी सिंह, सोनू सिंह, विनोद यादव, विजय समीर गोलू, सनी कुमार, प्रीतम सिंह, प्रदीप कुमार मिक्कू, कुंदन कुमार, ललन कुमार, सुजीत प्रधान, अभिषेक कुमार, श्याम कुमार, विकास कुमार, प्रकाश व शुभम आदि सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट खेल प्रेमी उपस्थित थे। जबकि दूसरा मैच मनिका बनाम कोटाम के खेला गया। जिसमें मनिका को विजयी घोषित किया गया।


## पानी के बिना हर व्यक्ति का जीवन अधूरा : आशीष भारद्वाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एक होटल में बैठक के दौरान समाज सेवी आशीष भारद्वाज ने कहा की पानी के बिना हर व्यक्ति का जीवन अधूरा है।पानी एक ऐसी मूलभूत जरूरत है जिसके बगैर किसी भी प्राणी का जीवन यापन करना संभव नहीं है और जब बात पीने के पानी की हो तो यह जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है।आप एक ऐसी भयावह स्थिति कि कल्पना कीजिए जब आपके आसपास हर जगह पीने का पानी सूख चुका है ऐसे में जीवन यापन असंभव हो जाएगा। कुछ यही आलम है हमारे नगर निगम क्षेत्र मेदिनीनगर की जहां लगभग घरों के पेयजल स्रोत सूख चुके हैं, त्राहिमाम मचा हुआ है। व्याप्त भीषण पेय जल संकट के संबंध में शहर के बैरिया स्थित होटल क्राउन प्लाजा में पत्रकार वार्ता किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए शहर का आवाज बन चुके युवा चेहरा आशीष भारद्वाज ने कहा कि हम सौभाग्यवान हैं कि हमारा शहर मेदिनीनगर तीन नदियों से ओरंगा, कोयल तथा अमानत से घिरा हुआ है हमारे शहर के एक तरफ केचकी मे ओरंगा व कोयल नदी का संगम है तो दूसरी और सिंगरा में कोयल अमानत नदी का संगम है इसके बावजूद भी हम दुर्भाग्यशाली हैं कि हमारा शहर संपूर्ण रूप से ड्राई जॉन हो चुका है, इसका सिर्फ एक कारण है सरकारी उदासीनता। मैंने वर्ष 2020 से पेय जल स्वच्छता मंत्री से लेकर सभी सक्षम पदाधिकारी को पत्राचार कर इस संकट से अवगत कराया है पर किसी ने इस पर संज्ञान नहीं लिया।हमारा शहर मेदिनीनगर प्रमंडलीय मुख्यालय के साथ-साथ एक नगर निगम क्षेत्र भी है, इसके बावजूद भी हमें पानी के बगैर तड़पकर मरने को अपने हाल पर छोड़ दिया गया। ऐसे में हम 12 जून से इस भीषण पेय जल संकट के निदान हेतु शहर वासियों के डोर टू डोर जाकर इस संकट के निवारण हेतु परामर्श लेंगे। इस पानी यात्रा के दौरान हम उनका जन-जागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे। जिसमें कोयल/ अमानत नदी पर बांध बनाकर पानी रोक कर शहर वासियों को पानी देने से लेकर सकेंड फेस पाइपलाइन को त्वरित चालू करना, तालाबों, आहर, पोखर का जीर्णोद्धार व अतिक्रमण मुक्त कराना, सोखता निर्माण, घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को कंपलसरी कराना जैसे मांग होंगे। जिसे लेकर अभियान के पश्चात मुख्यमंत्री झारखंड सरकार से मिला जाएगा अगर सरकार ने पानी के इस ज्वलंत संकट पर संज्ञान नहीं लिया तो एक वृहद आंदोलन किया जाएगा। मौके पर समाजसेवी मनीष सिंह, पिंकु तिवारी, नवीन तिवारी, साहेब जी नामधारी, एनबी सिंह, शैलेश तिवारी, चंदन तिवारी, बबलू चावला, मज़दूर नेता राकेश सिंह, शशांक सुमन, मनीष तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, आकाश विश्वकर्मा, दीपक प्रसाद, राहुल गुप्ता, संजीत तिवारी, राकेश तिवारी, अरुण कुमार सिंह, राकेश चौधरी उपस्थित रहे।

# येलो अलर्ट पर हजारीबाग उपायुक्त ने की सावधानी बरतने की अपील




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक हिट वेव व गर्मी की संभावना बनी रहेगी। संभावित लू के कारण आम जनजीवन पर इसका ज्यादा असर पड़ता है। इसको लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने एडवाइजरी जारी किया है। इसमें जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलने,जितनी बार हो सकें पानी पीने,सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखने,जब भी बाहर धूप में जायें हल्के रंग के और ढीले-ढीले सूती कपड़े पहननें, धूप के चश्में का इस्तेमाल करने, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढकने और हमेशा जूते या चप्पल पहनने,अधिक तापमान में कठिन काम न करने, हल्का भोजन करने, अधिक पानी की मात्रा वाले फल जैसे तरबूज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन करने तथा ज्यादा प्रोटिन वाले भोजन का सेवन ना करने ,बच्चों और पालतू जानवरों को पार्क किए हुए वाहनों में अकेला ना छोड़ने,जानवरों को छांव में रख उन्हें खूब पानी पीने को देने की सलाह दी गई है।कहा है कि अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें साथ हीं लू लगे व्यक्ति को छांव में लिटा दें। अगर तंग कपड़े हो तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें।लू लगे व्यक्ति की हालत में सुधार ना हो तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाएँ।

# भाजपा और आजसू पार्टी में समन्वय स्थापित कर विकास कार्य करूँगा : मनीष जायसवाल

### हज़ारीबाग को आदर्श और मॉडल लोकसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करें : विकास राणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा के नेतृत्व में आजसू पार्टी कार्यकताओं ने हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को शॉल उढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया और जीत की बधाई दी ! हज़ारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि भाजपा और आजसू पार्टी में समन्वय स्थापित कर विकास कार्य करूँगा ! हज़ारीबाग की जनता ने जो विश्वास मेरे ऊपर किया है उसपर मैं खरा उतरने का प्रयास करूँगा ! आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हज़ारीबाग को आदर्श और मॉडल लोकसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करें ! हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र में बहुत सारी समस्या है जिसका निराकरण करने की जरुरत है नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल हज़ारीबाग अगले पाँच वर्ष में हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र में रचनात्मक विकास करेंगे ! हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को बधाई देनेवालों में मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, जितेन्द्र कुमार, महिला मोर्चा की संगीता बारला, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, प्रमोद कुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष आफताब आलम, नगर सचिव अविनाश कुमार, रणधीर कुमार, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव, सदर प्रखण्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव, दारु प्रखण्ड अध्यक्ष राजू प्रसाद, युवा आजसू के विशाल कुमार प्रजापति, रुपेश राणा, विजय कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे !

# भीषण गर्मी में जलदूत का काम कर रहे मुखिया शमशेर आलम

### पिछले 10 दिनो से पंचायतवासियों को उपलब्ध करा रहें पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भीषण गर्मी से लोग तो व्याकुल रहते ही हैं, यदि ऐसे मौके पर ताल तलिया और चापानल सुखा पड़ जाय तो आम जन को जीना दुभर हो जाता है। ऐसा ही स्थिति बरही के कई पंचायतों में दिख रहा है। यथासंभव कुछ पंचायतों में पंचायत जनप्रतिनिधि सक्रिय होकर निजी खर्च से टैंकर के द्वारा पानी पहुंचाने का काम कर रहें हैं। बता दें कि बरही पश्चिमी पंचायत के लोग पानी के लिए जूझ रहा था, ऐसे मौके पर मुखिया शमशेर आलम जल दूत बन कर अपने पंचायत के हर मोहल्ले से निजी खर्च टैंकर से पेययुक्त पानी पहुंचाने का कार्य निरंतर दस दिनों से करते आ रहे हैं। मुखिया शमशेर आलम कहते हैं कि पानी के बिना घर और बाहर काम भी असंतुलन हो जाता है। मुझे इस बात का एहसास है कि गर्मी में पानी लोगों के लिए कितना बहुमूल्य है। मुझे जब से मालूम चला, तब से अपने पंचायत के टोले मोहल्ले में टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति करा रहा हूं। इधर दस दिनों से लगातार शाम सुबह दोनों समय पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। वे कहते हैं कि मैं पानी देने के लिए हर समय उपलब्ध हूं, बिना झिझक से मुझे फोन करें।

# पार्किंग जोन को लेकर बिफरा दुकानदार संघ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** फुटपाथ दुकानदारों ने विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर गुरुगोविंद सिंह पार्क में मंगलवार को एक बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता राजेश कुमार गुप्ता ने किया। बैठक मेंगरीब फुटपाथ दुकानदार संघ ने निर्णय लिया कि नगर निगम द्वारा पार्किंग जहां-जहां किया जा रहा है। इससे फुटपाथ दुकानदारों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यदि नगर निगम जहां तहां पार्किंग को कहीं एक जगह नही किया तो गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ इसका घोर आंदोलन करने को बाध्य होगा। मौके पर राजेश कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, रविंद्र महतो, विजय गुप्ता, कुंती देवी, प्रदीप प्रसाद, समीम भाई, जय मंगल पांडेय, मो.खालिद, शंकर ठाकुर, मो. आदिल, मो. खलील सहित दर्जनों फुटपाथी दुकानदार संघ मौजूद थे।

# मनीष जायसवाल की जीत और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की खुशी में मिठाइयां बाँटी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत चानो में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हजारीबाग लोकसभा से मनीष जायसवाल को प्रचंड जीत एवं नरेंद्र मोदी को लगातार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेने की खुशी में समर्थकों ने मिठइयां बांटकर में खुशी का इजहार किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय,नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के जमकर नारेबाजी की। भाजपा नेता डुमरचंद महतो ने कहा कि हजारीबाग से मनीष जायसवाल की जो जीत हुई है, यह जनता का जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पुनः बुलन्दी के नए शिखर को चूमेगी। भारत का डंका पूरे विश्व में बजेगा। साथ ही झारखंड से दो सांसदों की मंत्रिमंडल में शामिल कर प्रधानमंत्री ने झारखंड का भी विशेष ध्यान रखा है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। बधाई देने वालों में डुमरचंद महतो, नीलकंठ महतो ,गंगाधर महतो, टीपू लाल महतो, दीपक भारती, भैरव राम, माही लाल कुमार, महावीर महतो, किसुन ठाकुर , बिसुन महतो, पोखन महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चमेली झरना में डूबे जीसान का शव बरामद

**हजारीबग :** जैन मंदिर के समीप निवासी जीसान अब्बास का शव मंगलवार छठे दिन एनडीआरएफ की मदद से बाहर निकाला गया। वह गत गुरुवार को इचाक के चमेली झरना नहाने गया था। इसी दौरान जीसान गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी मौत पानी मे डूबने से हो गई। बताया जाता है कि जीसन अपने चार पांच साथियों के साथ रील बनाने के उद्देश्य से आया हुआ था।रील बनाकर नहाने के लिए पानी मे उतरा,गहरे गढ़े में जाने के बाद उसका अता पता नही चल पाया। काफी मशक्कत के बाद मंगलवार सुबह शव को निकाला गया। इधर जीसान के शव पानी से बाहर निकलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## बड़कागांव पुलिस ने चोरी की गई तीन मोटरसाइकिल को किया बरामद

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना अंतर्गत अक्सर इन दिनों चौक चौराहों से दिन-दहाड़े चोरों के द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर लेने की घटना का अंजाम दिए जाने की बात आम हो गई है। भुक्त भोगियों के द्वारा बाइक चोरी की घटना को लेकर बड़कागांव थाना में कई आवेदन दिए गए थे। दिए गए आवेदन पर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह मोटरसाइकिल चोरी की घटना का उद्भेदन करने को लेकर निरंतर प्रयासरत करते रहे। अंततः इनका प्रयास रंग लाया। बड़कागांव थाना अंतर्गत अलग-अलग स्थान से चोरी की गई मोटरसाइकिल को बड़कागांव पुलिस ने आखिरकार बरामद कर ही लिया। बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि अब तक चोरी की गई तीन मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। इससे पूर्व भी दो चोरी की गई अपाची मोटरसाइकिल बरामद किया गया था। मामले में एक को जेल भेजा गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार हजारीबाग सदर थाना अंतर्गत ज्वेलर्स की घटना का अंजाम दिया गया था। पकड़े गए चोरों से पूछताछ एवं उनके निशानदेही पर तीन मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। आगे उन्होंने बताया कि दो मोटरसाइकिल बड़कागांव शांति सेवा सदन के पास से पहली यामाहा फेजर एवं दूसरी बजाज पल्सर मोटरसाइकिल विवेक कुमार एवं बबलू कुमार राणा की चोरी की गई थी। वहीं तीसरी मोटरसाइकिल योगेंद्र कुमार राणा गोंदलपूरा निवासी की पुराना एलआईसी ऑफिस के पास से चोरी की गई थी। तीनों चोरी गई मोटरसाइकिल मामले को लेकर बडकागाँव थाने में भुक्त भोगियों के द्वारा आवेदन दिया गया था।मामले पर तत्वारित कार्रवाई करते हुए बड़कागांव थाना कांड संख्या 46 /24 एवं 47 / 24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इन तीनों चोरी की गई मोटरसाइकिल कांड का उद्भेदन करते हुए तीनों मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया है। बताते चले की बड़कागांव थाना प्रभारी का अथक प्रयास रंग लाया और तीनों चोरी गई मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया है। इन दिनों क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटना लगातार बढ़ गई है। महज कुछ दिन पूर्व ही आंगों मंडा मेला से एक मोटरसाइकिल की चोरी कर ली गई है। इन दिनों चौक चौराहें, मेला, हाट बजार से चोरों के द्वारा मोटरसाइकिल की चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। लोग मोटरसाइकिल का ताला बंद कर अपने कार्य में लग जाते हैं और इधर चोर उचके उसके बावजूद भी मोटरसाइकिल की चोरी कर लेते हैं। पुलिस ने लोगों से अपील किया है कि यदि कोई चोरी की मोटरसाइकिल का उपयोग या खरीद बिक्री करता हो तो आप सूचना दें, आपका नाम गुप्त रखा जाएगा। पुलिस लोगों की सहयोग की अपेक्षा करता है। निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी और चोरी की घटना को अंजाम देने वाले पर कार्रवाई करते हुए पकड़े जाने पर उसे जेल भेजा जाएगा। लोग सतर्क रहें सावधान रहें।

## अध्यक्ष ने प्रधानाध्यापक पर राशि गबन का लगाया आरोप, थाने में आवेदन

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल के प्रबंधन समिति अध्यक्ष संदीप सिंह ने बड़कागांव थाने में आवेदन देकर प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कन्हैया पर लाखों रुपए राशि गवन करने का आरोप लगाया है । थाने में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि विद्यालय के सरकारी खाता जो छात्रों का कोष रहता है उस खाता से कृष्ण कुमार कन्हैया द्वारा लाखों रुपये अवैध रूप से निकासी कर गबन कर लिया है। बिना योजना बनाये, बिना योजना पारित किए पैसे के निकासी कर ली गई है।

# बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय में किया गया शिक्षा सचिव का पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु।** राज्य के इंटर महाविद्यालय में नामांकन सीट में कटौती किए जाने के विरोध में झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने सम्पूर्ण राज्य में संचालित प्रस्वीकृति व स्थापना अनुमति प्रदान 1210 महाविद्यालयों में शैक्षणिक हड़ताल का आव्हान किया था। मोर्चा के इस आव्हान पर 11 जून को प्रखंड में संचालित बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी हड़ताल पर रहे।साथ ही शिक्षा सचिव के रवि शंकर का पुतला दहन किया। महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महाविद्यालय का मुख्य दरवाजा बंद कर राज्य सरकार व शिक्षा सचिव के खिलाफ में जमकर नारे बाजी किया। मौके पर ओम प्रकाश ,सुरेश प्रसाद वर्मा ,अनुग्रह नारयण शर्मा ,बैद्यनाथ प्रसाद,मीना कुमारी, दिलचंद शर्मा, संजय कुमार, सुनीता कुमारी, प्रह्लाद सागर,तरुण कुमार , तारकेश्वर प्रसाद, प्रियंका मेहता, लीला कुमारी, कुमार रितिक मिश्रा, असरफी खातून,बबिता कुमारी खेमलाल यादव, सुदर्शन प्रसाद, इंद्रनाथ प्रसाद, कृष्णकांत रवि व वीणा कुमारी सहित महाविद्यालय के सभी स्टाफ मौजूद थे।

# अस्पताल परिसर में लिए जा रहे पार्किंग टैक्स से प्राइवेट एंबुलेंस चालक परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले के सबसे बड़े अस्पताल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लिए जा रहे पार्किंग शुल्क से परेशान प्राइवेट एंबुलेंस चालक मंगलवार को दर्जनों की संख्या में भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के कार्यालय पहुंचे तथा न्याय की गुहार लगाई।प्रदीप प्रसाद ने कहा कि एंबुलेंस सेवा जरूरी सेवाओं में आता है जिसके कारण एंबुलेंस का सड़क पर लगने वाला टोल टैक्स भी नहीं लिया जाता है।परंतु जिले के सबसे बड़े अस्पताल में प्राइवेट एंबुलेंस चालकों से पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है।विरोध करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। श्री प्रसाद ने चालकों को आश्वस्त करते हुए भरोसा दिलाया कि इस बाबत वे नगर आयुक्त एवं डीसी से भी मुलाकात करेंगे अगर फिर भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो उनकी समस्याओं को लेकर आंदोलन भी किया जाएगा।मौके पर एंबुलेंस संघ के पवन मिश्रा, सुनील पांडे, जितेंद्र साहू, अरविंद कुमार,निरंजन साव, छोटन साव, सिकेन्द्र प्रजापति, संतोष साव, पिन्टु कुमार, तेज कुमार महतो, रंजीत कुमार, राजेश राम, टिंकु यादव, शंकर सोनी, संजय राणा, लखन साव, बबन पासवान, सोनू कुमार सहित कई एंबुलेंस चालक उपस्थित थे।

## हादसे को आमंत्रण दे रहा सोलर जल मीनार का फ्रेम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के डाड़ी कलां में मौलवी गुलाम साहब के घर के पास बना लोहे का जल मीनार खतरे को आमंत्रित कर रहा है। इस जलमिनर में 1000 क्षमता वाली टंकी लगाई गई है जो लोहे के फ्रेम से बनी हुई है परंतु फ्रेम का लोहा सड़ जाने के कारण टंकी एक दिशा में झुकी हुई है इसे बनाने की मांग महीनों से की जा रही है। बावजूद किसी की ओर से इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जल मीनार का निर्माण पूर्व मुखिया गुलाब देवी के कार्यकाल में कराया गया था पर अब यह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। इस वजह से इस भीषण गर्मी में जलापूर्ति बाधित है।

## चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नवनिर्वाचित लोक सभा सांसद मनीष जायसवाल से फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल की अध्यक्षता में पदाधिकारियों ने मंगलवार को उनके झंडा चौक स्थित सेवा कार्यालय के सभागार में शिष्टाचार मुलाकात कर सांसद निर्वाचित होने पर फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने नवनिर्वाचित सांसद श्री जायसवाल से अनुरोध किया कि हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र में व्यापारियों के हित में भी कार्य किया जाए ताकि व्यापारी कुशलता पूर्वक अपना जीवन व्यतीत कर सके।कहा कि आए दिन व्यापारियों के ऊपर विभिन्न प्रकार के आरोप लगाते हुए उनसे दुर्व्यवहार किया जाता है। नवनिर्वाचित सांसद ने बधाई को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि व्यापारियों के साथ वे सदैव खड़े हैं।मौके पर चेंबर के सचिव राकेश ठाकुर,उपाध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल, नीरज अग्रवाल समेत फेडरेशन के कई अन्य साथी मौजूद थें।

## खंडेलवाल वैश्य पंचायत के मीडिया प्रभारी बने रितेश खंडेलवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** खंडेलवाल वैश्य पंचायत के अध्यक्ष राहुल वैध एवं सचिव पवन खण्डेलवाल के द्वारा युवा रितेश खण्डेलवाल को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। समाज के निजी ग्रुप के मध्यम से मीडिया प्रभारी की घोषणा की गई, समाज के सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। घोषणा के साथ ही समाज के अध्यक्ष राहुल वैध ने कहा कि समाज सेवा के साथ रितेश अपने दायित्व पर सदैव खरा उतरेगा, रितेश सामाजिक क्षेत्र में काफी रुचि रखता है साथ ही पत्रकारिता का कार्य भी काफी बखूबी निभाता है इसी दृष्टिकोण से समाज के मीडिया प्रभारी के रूप में रितेश खंडेलवाल को चयनित किया गया है। समाज के सचिव पवन रावत खण्डेलवाल ने बताया गया की रितेश खण्डेलवाल पिछले 11 वर्षो से सामाजिक क्षेत्र में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं, इसके साथ ही पिछले दो वर्षो से पत्रकारिता के क्षेत्र में भी अपनी सेवा दे रहे हैं। यहां तक की रितेश खण्डेलवाल एक निजी संस्था के बतौर कोषाध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हैं रितेश सामाजिक क्षेत्र में काफी बढ़ चढ़कर अपनी भूमिका अदा करते हैं। अब तक 15 बार से भी अधिक रक्तदान किए है, वही अपने जीवन काल में 500 से भी अधिक लोगों को रक्त उपलब्ध कराने में सराहनीय प्रयास किया है। साथ ही कहा समाज के उन्नति में पत्रकारिता की अहम भूमिका होती है। रितेश खंडेलवाल ने कहा कि वैश्य पंचायत के प्रति आभार प्रकट करता हूं, मैं सदैव अपनी लेखनी के माध्यम से समाज हित में कार्य करता रहूंगा, समाज ने जो विश्वास मुझ पर भरोसा व विश्वास जताया हैं मैं उस पर सदैव खरा उतरूंगा। रितेश खंडेलवाल ने अपनी पढ़ाई के उपरांत सामाजिक क्षेत्र में अपनी सेवा देना प्रारंभ किए। वर्तमान में पत्रकारिता के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं इसके साथ ही एक सामाजिक संस्था के बतौर कोषाध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हैं रितेश हर सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। मीडिया प्रभारी की घोषणा के उपरांत बधाई देने वालों में खण्डेलवाल वैश्य पंचायत के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण इसके अलावा खंडेलवाल युवा संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण के साथ हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, संजय कुमार, वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी,सनी देव,प्रणीत जैन,विनीत जैन, अभिषेक पांडे अग्रवाल समाज के नीरज अग्रवाल, सिख समुदाय के तनवीर सिंह, मोहम्मद ताजुद्दीन,सुशील कुमार सिन्हा,राज वर्मा सहित कई लोगो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# विस्थापित प्रभावित ग्रामीण संघर्ष समिति के बैनर तले भुरकुंडा हाथीदाड़ी माइंस मे एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुण्डा :** विस्थापित प्रभावित ग्रामीण संघर्ष समिति के बैनर तले भुरकुंडा हाथीदाड़ी माइंस पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। जिसके माध्यम से भुरकुंडा में खुल रहे लोकल सेल में हिस्सेदारी देने की मांग की गई। धरना-प्रदर्शन में चिकोर, देवरिया और लंपगा के ग्रामीण शामिल हुए। इससे पूर्व मतकमा चौक से हाथ में तख्तियां थामे दर्जनों ग्रामीण महिला और पुरूष जुलूस की शक्ल में निकले। जुलूस मेन रोड होते हुए भुरकुंडा परियोजना के हाथीदाड़ी माइंस पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई।धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रोड सेल के नाम पर विस्थापितों और प्रभावितों को हमेशा से छलने का काम किया जाता रहा है। भुरकुंडा में खुल रहे



लोकल सेल में विस्थापित और प्रभावित अपना अधिकार लेकर रहेंगे। कहा गया कि समिति की ओर से प्रबंधन को पूर्व में सौंपे गये ज्ञापन पर 10 दिनों के अंदर पहल नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के क्रम में समिति अध्यक्ष मनोज राम ने कहा कि हमलोगों की जमीन सीसीएल में गई है। हम लोग विस्थापित भी हैं और प्रभावित भी है। हम लोग भुरकुंडा लोकल सेल में हिस्सेदारी लेकर रहेंगे। हमारी मांगें पूरी तरह से जायज है। सीसीएल प्रबंधन यदि हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तो बाध्य होकर हमलोग सीसीएल का चक्का जाम भी करेंगे।सभा को संबोधित करनेवाले वक्ताओं में श्रीनाथ करमाली, मो. असगर अली, पूर्वदेव राम, जिलानी अंसारी, कृष्ण कुमार कुशवाहा, शंकर तुरी, जगदीश बेदिया, इमरान अंसारी, राजेश महतो, मदन मुंडा, राजा बाबू, श्याम महतो, शमशेर अंसारी, राजेश मंडल, सुनैना देवी, बालेश्वर राम शामिल रहे।एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में मुबारक अंसारी, सोनू, भोला प्रसाद, सलमान अंसारी, कन्हैया यादव, बलराम यादव, परवेज आलम, किशोर ठाकुर, अब्दुल रशीद, मो. एकरामुल, राजन राम, प्रदीप राम, अनिल राम, मोतीलाल महतो, शहादत अंसारी, विजय मेहरा, गोपेश्वर राम, कृष्णा प्रजापति, रूपा देवी के साथ ही साथ सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए।

# भारत को तीसरी बार सशक्त प्रधान मंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी मिले : नीरज मंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आजसू छावनी परिषद, रामगढ़ नगर सचिव की ओर से नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने ओर शपथ लेने की खुशी पर और सांसद गिरिडीह लोकसभा चंद्र प्रकाश चौधरी एवं सांसद हजारीबाग लोकसभा मनीष जायसवाल की जीत की खुशी में मंगलवार को रामगढ़ कैंट के बूथ नंबर 44 के देव तुल्य जनता लोग के बीच मिठाई बांट कर खुशियां मनाई द्य इस मौके पर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, सुदेश महतो जिंदाबाद, चंद्रप्रकाश चौधरी जिंदाबाद, सुनिता चौधरी जिंदाबाद ओर एनडीए गठबंधन जिंदाबाद के नारों से पुरा मोहल्ला गूंज उठा द्य मौके पर रामगढ़



नगर सचिव नीरज मंडल ने कहा कि देश को तीसरी बार नरेंद्र मोदी के रूप में एक सशक्त प्रधानमंत्री भारत देश को मिला है , पिछले 10 वर्षो से गरीबों के कल्याण के लिए उन्होंने सरकार चलाया द्य श्री नरेंद्र भाई मोदी द्वारा तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना हम सभी आजसू पार्टी और एनडीए के लिए गर्व की बात है द्य गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री में पीएम नरेंद्र मोदी का नाम इतिहास में दर्ज होगा यह ऐतिहासिक पल हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादाई है द्य ओर हजारीबाग ओर गिरीडीह की देव तुल्य जनता ने अपना आशीर्वाद कमल ओर केले में बटन दबाकर देने का कार्य किया है द्य ओर ये जीत है, संघर्ष की, ये जीत है, विकास के परिणाम की, ये जीत है, गिरिडीह के संकल्प की। गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को दूसरी बार लोकसभा से जीत दर्ज करने पर गिरिडीह कि देव तुल्य जनता को हार्दिक शुभकामनाएं गिरिडीह की जनता ने विकास को देखते हुए वोट दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार को अपने आशीर्वाद देकर दिल्ली भेजने का कार्य किया है । मौके पर खुशी वयक्त करने वालों में आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल, जीतू मिश्रा, सुमन मिश्रा , शारदा देवी, गायत्री देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भुरकुंडा में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला रामगढ़ कार्यसमिति की बैठक अरुण कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्सव मैरिज हॉल भुरकुंडा रामगढ़ में



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला रामगढ़ कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभय कुमार सिन्हा विशेष रूप से उपस्तिथ थे। मंचासीन अतिथियों द्वारा भगवान चित्रगुप्त जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुवात की गई। अभाकाम युवा प्रकोष्ठ और भुरकुंडा कमिटि द्वारा अंगवस्त्र और पौधा देकर आये हुए अतिथियों को सम्मानित किया गया।बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभय कुमार सिन्हा ने वृक्षारोपण की महत्व से शुरुवात करते हुए कहा कि भावी पीढ़ी के लिए पर्यावरण संरक्षित रहे इसकी जिम्मेवारी हम सब की है। हम न सिर्फ पेड़ लगाए बल्कि उसके संरक्षण भी करें । रामगढ़ जिला महामंत्री राजीव पामदत्त ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला समिति गठन से लेकर अबतक क्रियान्वित सांगठनिक कार्यों का वृत प्रस्तुत करते हुए बैठक के उद्देश्य और इसकी जरूरत के संबंध में जानकारी दी।जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने बैठक के सफल आयोजन के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा और भुरकुंडा कायस्थ महापरिवार को धन्यवाद देते हुए उनका आभार जताया। बैठक में दीवाकर प्रसाद, डाक्टर प्रभात कुमार सिन्हा, अमित कुमार सिन्हा,राजेश कुमार, रोहित वर्मा,बामेश्वर प्रसाद, मुन्ना श्रीवास्तव, अधिवक्ता आनन्द कुमार सिन्हा, सूर्यवंश श्रीवास्तव, सुजीत नारायण सिन्हा अशोक लाल, विरेन्द्र कुमार सिन्हा, डाक्टर संजीव कृष्ण जमुवार, अनिल कुमार सिन्हा , आशुतोष कुमार सिन्हा, अवधेश कुमार सिन्हा, सुबोध कुमार सिन्हा,अधिवक्ता मीना कुमारी सिन्हा, गीता सिन्हा सहित कई चित्रांश की उपस्थिति रही। धन्यवाद ज्ञापन रवि श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# जल जीवन मिशन वॉटर क्वालिटी मैनेजमेंट इनफॉरमेशन के तहत जल जांच किया जा रहा है

**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू दक्षिणी पंचायत



की जलसहिया रिजवाना खातून ने जल जीवन मिशन वॉटर क्वालिटी मैनेजमेंट इनफार्मेशन के तहत जल जांच का कार्य पुरे पंचायत में घुम घुम कर कर रही है वहीं सबसे पहले जल का नमूना लेकर वॉटर टेस्टिंग किट के द्वारा पानी पीने योग्य है या नहीं इसको जांच कर ऑनलाइन डाटा एंट्री किया जाता है कुजू दक्षिणी पंचायत के पुराना बाजार टांड़, के.बी.गेट कुजू , लकड़ी गेट, लोहा गेट,दस नम्बर, चटा दौड़ा, शक्ति बेड़ा, कटरा टोला, कुनदरीया , सहित अन्य टोला में घूम घूम कर जल नमूना लिया जा रहा है जल जांच का कार्य जल्द पुरा कर लिया जाएगा। वहीं 42 डिग्री सेल्सियस गर्मी होने के बावजूद भी मांडू प्रखंड की तमाम जलसहिया पूरे ईमानदारी से अपने कार्य को पूरा करने में लगी हुई है।

# पोटंगा में भक्तिभाव से संपन्न हुई मंडा पुजा, जुटे श्रद्धालु

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटंगा पंचायत के शिव मंदिर स्थित



मंगलवार को भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था जताते हुए मंडा पुजा धुमधाम से मनाया गया। जिससे 65 भक्तिया और 96 सोकताईन ने उपवास रखा। वहीं इस मंडा पुजा में गांव के गोसाई सुरेश गिरी ने विधिवत पूजा अर्चना कराया। बता दें कि भक्तिया लोगों ने अपने पीठ पर लोहे कि किल छिदवा कर बनस झुला झूल आस्था का परिचय दिया। वहीं इससे पुर्व सभी भक्तियां व सोकताईन ने दहकते अंगारों पर चलकर आस्था व्यक्त किया। इस मंडा पुजा में लोटन सेवा,बनस गोथाई,बनस झुलाई और फुलखुंदी का अनुष्ठान किया गया। बीते सोमवार देर रात्रि में छऊ नृत्य का आयोजन किया गया था। जिससे बंगाल के कलाकारों ने अपने जौहर का प्रदर्शन किया। और सभी अतिथियों व ग्रामीणो का मन मोहा। बताते चलें कि पोटंगा मंडा पुजा में मेले का आयोजन भी किया गया था। जिससे नाव, ब्रेकडांस आदि झूले लगाए गए थे। बच्चों के लिए खाने पीने आदि के स्टॉल लगाए गए थे। वहीं इस मेले का मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, झामुमो नेता संजय करमाली विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति बभनी देवी, मुखिया चरका करमाली, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गणेश गंझू, विस्थापित नेता संतोष सिंह, मनोज मुंडा शामिल हुए। वहीं सभी अतिथियों का मंडा पुजा समिति ने बैच पहनाकर स्वागत किया। इस मंडा पुजा को सफल बनाने में अध्यक्ष जीतन मुंडा, सचिव अकल मुंडा, उपाध्यक्ष मोहन सोरेन, मुकुंदर मुंडा, राजेन्द्र गंझू, संरक्षक गिरधारी प्रजापति, जयेंद्र मुंडा,अजय मुंडा,कमेश्वर मुंडा, प्रेमलाल मुंडा, संतोष प्रजापति, राजकुमार मुंडा, कार्यकर्ता- मंटू मुंडा, संजय मुंडा,कंचन मुंडा, रविन्द्र मुंडा, सुनील मुंडा, मुकेन्द्र मुंडा,महेंद्र गंझू, , विशाल मुंडा, सूरज मुंडा, दिलीप मुंडा, अरविंद मुंडा आदि हजारो लोग मौजूद थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–नीलामी**

धनबाद, दिनांक : 10–06–2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार हैं :– क्र.सं. : i : (1), **ई–नीलामी सूची** : ii : पार्किंग, **ई–नीलामी सूची सं.** : iii : पार्किंग–35–24, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण** : iv : 22.06.2024, 12.00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशनों के नाम** : v : चन्द्रपुरा स्टेशन में 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड। तेतुलमारी स्टेशन में 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड। पारसनाथ स्टेशन में 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड। राँची रोड स्टेशन में 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई–नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0451/डीएचएन/वा./एन/24–25/40

# पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में तनाव मुक्त खुशनुमा जीवन के लिए राजयोग कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र के तत्वावधान में गैलरी स्पोर्टस इन्सटीट्यूट पंजाब रेजीमेंट सेन्टर, रामगढ़ कैंट में तनाव मुक्त खुशनुमा जीवन के लिए राजयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देविका रघुवंशी, कन्ट्रोलर जनरल ऑफ डीफेन्स एकाउन्टस दिल्ली के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्गार में कहा कि राजयोग द्वारा मनुष्य का मानसिक तनाव दूर होता है, मन को शांति.मिलती हैद्य मस्तिष्क को तथा शरीर को भी आराम मिलता है। आज पूरा विश्व भारत की प्राचीन पद्धति योग पर पुनः लौट रहा है। सभी को लगने लगा है कि राजयोग द्वारा मानव शरीर व मन का सम्पूर्ण इलाज संभव है। इसमें सभी जबतक एक जूट होकर प्रयास नहीं करेंगे तबतक यह कार्य पूर्ण नहीं होगा। उन्होंने कहा अध्यात्म हमें जीवन जीने की कला सिखाता है और आध्यात्मिकता हमें ईश्वर से जुड़ने



का अवसर प्रदान करती है। अध्यात्म के जरिये हम तनाव से मुक्त्त पा सकते हैं। अध्यात्म विभिन्न धर्मो और वर्गो की दीवार तोड़ कर हमें एक होना सिखाती है। यदि सबको एक साथ रहना आ जाए तो पूरे संसार का कल्याण हो सकता है। इस सदी में तनाव और बढ़ेगा इसलिए इसका सामना करने व कम करने की विधि को अपनाना होगा। कर्म और योग का सन्तुलन, साधना व साधनों में संतुलन,भावना विवेक में बैलन्स निश्चित सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। तनाव मुक्ति के कुछ टिप्स बताते हुए उन्होंने कहा जीवन की हरेक घटना में किसी न किसी रूप से लाभ होता है। सदा लाभ के बारे में ही सोचें । आज का दिन आपके हाथ में हैद्य आज आप रचनात्मक कार्य करेंगे तो कल की गलती मिट जायगी और भविष्य में भी लाभ होगा। अपनी तुलना अन्य से न करें। रिश्ते महत्वपूर्ण है बातें नहीं। एक्सपेक्ट नहीं एक्सेप्ट करें । आपका निन्दक आपका मनोचिकित्सक है। दूसरों के सहयोगी बनें। दृष्टिकोण बदली करें दुख सुख में बदल जायेगा। जो बात नहीं बदल सकती उसके बारे में न सोचें । ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने भी देविका रघुवंशी जी ( सीजीडीए) को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया। ज्ञातब्य हो ब्रह्माकुमारी केन्द्र राज कॉमप्लेक्स, नेहरू पथ, क्रिकोण शिवमंदिर के पास, रामगढ़ कैन्ट में प्रतिदिन निःशुल्क ज्ञान योग कार्यक्रम उपलब्ध है। पवित्रता ही सुख शान्ति की जननी हैं। हर कीमत पर इसकी रक्षा करना अपना सर्वेप्रथम त्तब्य है।

## GROUND WATER INVESTIGATION DIVISION, HAZARIBAGH.

**e-Procurement Tender Notice**

**e-Tender Reference No. W.R.D./G.W.I.D/Hazaribagh/F2-01/2024-25Date :-10.06.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of Tender on website | 18-06-2024 (10:00 AM.) |
| 2 | Last date/Time for submission of Bids | 01-07-2024 (up to 05:00 PM.) |
| 3 | Date of opening of e-tender | 02-07-2024 03.00 PM |
| 4 | Name & address of office Inviting tender | Deputy Director, Ground Water Investigation Division, Hazaribagh, Irrigation Campus, Jheel Road, Hazaribagh.PIN-825319 |
| 5 | Contact no. of Procurement officer<br>E-mail of e-procurement Officer | 8789040049<br>gwidiv@gmail.com |
| 6 | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-00000000 |

| Sl.No. | Group No. | Name of Scheme | Estimate Cost | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | BILL OF QUANTITY FOR 84 UNIT OF RAINWATER HARVESTING STRUCTURES AT CHATRA, KODERMA& DIFFERENT BLOCKS OF HAZARIBAG UNDER JURIDICTION OF GWIDHAZATIBAG, JHARKHAND | 9412000.00 | 11 Months |
| 2 | 2 | BILL OF QUANTITY FOR 66 UNIT OF RAINWATER HARVESTING STRUCTURES AT BOKARO, RAMGARH & SADAR BLOCK OF HAZARIBAG UNDER JURIDICTION OF GWIDHAZATIBAG, JHARKHAND | 7395100.00 | 11 Months |

**Note:- Only e-Tenders will be accepted.**
Note :- 1. Only e-Tenders will be accepted.
2. Tender Fee and EMD will be received through online mode only, Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender Fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from https://jharkhandtenders.gov.in portal.
3. Refund will only be issued to originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD, so, Bidder are advised NOT to close Bank Accounts used for online payment /(NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
4. No Hard copy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/valuation, However, Department may ask original document for verification before award of contract.
5. Estimated value may change.
6. **Further details can be seen on website** https://jharkhandtenders.gov.in
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Deputy Director,
Ground Water investigation
Division, Hazaribagh.**

PR 326053 Water Resource(24-25).D

## ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

**Email Id :- eengbcdsimdega@gmail.com**

अति अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेंस नं0– **02/2024-25/EE/BCD/BD,SIMDEGA.** दिनांक–**10-06-2024**

| 1. | कार्य का नाम | 2. प्राक्कलित राशि (रू0) | 3. कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| (i) | Construction of HSC at Pangur, Bano Block. | 55,49,968.00 | 06 (Six) Months |
| (ii) | Construction of HSC at Karmapani, Jaldega Block. | 55,49,968.00 | 06 (Six) Months |
| (iii) | Construction of HSC at Kolamdega, Jaldega Block. | 55,49,968.00 | 06 (Six) Months |
| (iv) | Construction of HSC at Orga, Jaldega Block. | 55,49,968.00 | 06 (Six) Months |
| (v) | Construction of HSC at Jaldega, Bano Block. | 55,49,968.00 | 06 (Six) Months |
| (vi) | Construction of HSC at Katukona, Simdega Block. | 55,49,968.00 | 06 (Six) Months |
| (vii) | Construction of HSC at Konbegi, Thethaitanger Block. | 55,49,968.00 | 06 (Six) Months |
| (viii) | Construction of HSC at Dumki, Thethaitanger Block. | 55,49,968.00 | 06 (Six) Months |
| 4. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 18.06.2024 को 11:00 बजे | |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 25.06.2024 को दोपहर 11:00 बजे तक | |
| 6. | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा–835223 | |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 26.06.2024 के अपराह्न 11:30 बजे तक अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, अंचल संख्या – 2, राँची। | |
| 8. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 86748–35234 | |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 86748–35234 | |

10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03-10-2023 के द्वारा निर्गत **SOP** (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06-10-2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा **SOP** के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खातों को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
13. अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.**

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 325909 Building(24-25)D

# जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने व अवैध परिवहन के विरुद्ध उपायुक्त , रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार सोमवार की रात्री को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के विभिन्न चौक चौराहों यथा पटेल चौक, नईसराय, कुजू, एनएच 33 मांडू सहित अन्य स्थलों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी,रामगढ़ मनीषा वत्स द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आर0सी0 बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की आदि की जांच की गई। जांच के दौरान कुल 10 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए एवं नियमानुसार उन सभी वाहनों के विरुद्ध कुल 2 लाख 70 हज़ार 650 रुपए का चालान किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा सभी वाहन चालकों से अपने-अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके की अपील की गई।



झारखण्ड सरकार
कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)
कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग
(राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के लाभ हेतु आम –सूचना)

Ph No : 06546 – 291453 Email – dho.hazaribag@gmail.com

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश संख्या – 12 दिनांक 17.05.2024 के आलोक में कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/ कृषक उत्पादक समूह (FPO)/ सहकारी समिति/ सखी मण्डल जो इस योजना का लाभ लेना चाहते है, वे अपना आवेदन स्थानीय जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर दिनांक 29.06.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, हजारीबाग में जमा कर सकते है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे0/इकाई/संख्या में)

राष्ट्रीय बागवानी मिषन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे0/इकाई/संख्या में)

| क्रम सं0 | Component | Unit | भौतिक लक्ष्य जिला – हजारीबाग | भौतिक लक्ष्य जिला – रामगढ़ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Seed Production Vegetable & Spices Open pollinated Crops ( Private sector) | ha. | 5 | - |
| 2 | Strawberry ( Int. package with drip irrigation & mulching) | ha. | 5 | 5 |
| 3 | Strawberry (without Integration) | ha | 1 | 1 |
| 4 | Banana ( Int. package with drip irrigation & mulching) | ha. | 5 | 5 |
| 5 | Banana (TC) (without Integration) | ha | 1 | 1 |
| 6 | Papaya ( Int.Package with drip Irrigatrion) | ha | 5 | 5 |
| 7 | Papaya ( without Integration) | ha | 1 | 1 |
| 8 | Mango ( 10m x 10m) ( Rs 25500/ ha) | ha. | 30 | 30 |
| 9 | Lime (4 x4.5) ( Rs 54980/ha) | ha. | 8 | 8 |
| 10 | Sapota ( Rs 45400/ ha) | ha. | 5 | 5 |
| 11 | Guava ( 6mx 6m) (Rs 38340/ha) | ha | 10 | 10 |
| 12 | Pomegranate ( 5m x 5m) | ha | 5 | 5 |
| 13 | Aomla ( Rs 40008/ha) | ha. | 2 | 2 |
| 14 | Bael ( Rs 48400/ha) | ha. | 2 | 2 |
| 15 | Litchi ( Rs 28000/ha) | ha. | 2 | 2 |
| 16 | Jack fruit ( 10m X 10m) ( Rs 25500/ha) | ha. | 1 | 1 |
| 17 | Vegetable Hybrid ( Rs 50000/ha) | ha. | 60 | 60 |
| 18 | Cut Flowers ( small & Marginal Farmers) ( Rs 1.00 lakh /ha) | ha. | 20 | 15 |
| 19 | Bulbulous Flowers ( small & Marginal Farmers)( Rs 1.50 lakh /ha) | ha. | 20 | 15 |
| 20 | Losse Flowers ( small & Marginal Farmers) ( Rs 40000/ha) | ha. | 20 | 15 |
| 21 | Spices (Seed Spice & Rhizomatic Spices) ( Rs 30000/ ha) | ha. | 30 | 25 |
| 22 | Rejuvenation replacement of senile plantation including canopy management ( Rs 40000/ha) | ha. | 1 | - |
| 23 | Creation of Water Resources- community tanks/ on farm ponds/on farm water reservious with use of plastic / RCC lining | nos. | 0.516 | 0.516 |
| 24 | Creation of Water Resources - water harvesting system for individuals for storage of water | nos. | 5 | 5 |
| 25 | Green House (N.V.S Tubular Structure) | Sqm | 1000 | 1000 |
| 26 | Plastic Mulching | ha. | 150 | 100 |
| 27 | Shadenate ( Tubular Structure) | Sqm | 10000 | 5000 |
| 28 | Anti Bird/ Anti Hail Nets | Sqm | 20000 | 15000 |
| 29 | Cost of planting material of high value vegetable grown in poly house/ shadenet house | Sqm | 4000 | 2000 |
| 30 | Cost of planting material & Cultination of carnation & Gerbera under poly house& shadenet house | Sqm | 4000 | 2000 |
| 31 | Cost of planting material & Cultination of rose and lilum under poly house/ shadenet house | Sqm | 4000 | 2000 |
| 32 | Organic Farming Vermi compost units/organic input production HDPE Vermibed | nos. | 30 | 30 |
| 33 | Pack House/ on farm collection &Storage unit | nos. | 15 | 15 |
| 34 | PHM Eveporative / Low energy cool Chamber (8 MT) | nos. | 4 | 2 |
| 35 | PHM Low Cost Onion storage Structure ( 25MT) | nos. | 8 | 5 |
| 36 | Training of farmers with in the state | nos. | 350 | 350 |
| 37 | Training of farmers Outside the state | nos. | 50 | 50 |
| 38 | Exposure visit of farmers Outside the state | nos. | 50 | 50 |
| 39 | Marketing infrastructure Static Mobile vending Cart/ Plateform with cool chamber) | nos. | 2 | 2 |
| 40 | Seminars Conferences, workshops, exhibitions, kisan Mela- District level | nos. | 1 | 1 |
| 41 | Information dissemination through publicity, Printed Litearature etc. amf local advertisements | | 2.5 | 2.5 |

1. जिला उद्यान पदाधिकारी , हजारीबागा / रामगढ़ के द्वारा लाभुकों / कृषकों की पात्रता को सत्यापित किया जायेगा।
2. लाभुक का चयन उपलब्ध सूचि के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा के आधार पर किया जायेगा।
3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक/महिला/दिव्यांग/लघु एवं सीमांत कृषकों को प्राथमिकता के आधार पर योजना से लाभान्वित किया जायेगा।
4. जिला उद्यान कार्यालय , हजारीबागा से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकताा है।
5. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
6. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/उद्यान मित्र/कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग–सह–रामगढ़ से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
हजारीबाग/रामगढ़

PR 325963 Agriculture(24-25)D

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे से मिले नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा और विधायक भूषण बाड़ा, संगठन के बारे में दी विस्तार से जानकारी

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खूंटी लोकसभा में मिले एकतरफा जीत पर दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** खूंटी लोकसभा के कालीचरण मुंडा, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और खुंटी लोकसभा के पर्यवेक्षक डॉ अजय शाहदेव मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे से शिष्टाचार भेंट की। मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खुंटी लोकसभा से चुनाव में शानदार जीत करने पर कालीचरण मुंडा को बधाई दी। साथ उन्होंने आशीर्वाद भी दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खुंटी लोकसभा में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के एवं कांग्रेस के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का निर्देश देते हुए सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करने की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विधायक भूषण बाड़ा को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में



लग जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी सिमडेगा विधानसभा से एकतरफा जीत दर्ज करने के लिए अभी से ही पूरी प्लानिंग के साथ तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने सांसद और विधायक को उनकी उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। वहीं विधायक ने संगठन की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जिले में संगठन मजबूती को लेकर उनके द्वारा एवं जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा किये जा रहे कार्यो की भी जानकारी दी। विधायक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अस्वस्थ किया कि लोक सभा चुनाव की तरह आगामी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को एकतरफा जीत मिलेगी। क्षेत्र की जनता का भी पूरा समर्थन कांग्रेस पार्टी के साथ है। वहीं खुंटी लोकसभा पर्यवेक्षक डॉ अजय शाहदेव ने भी संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए आगे और अधिक मजबूती के साथ काम करने का भरोसा जताया। मौके पर मदन मिश्रा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा आदि उपस्थित थे।

# बीडीओ ने बैठक कर संचालित योजनाओं के बारे में दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने जिसमें बीपीओ, जेई, ऐई तथा पंचायत सचिव, रोजगार सेवकों के साथ मनरेगा के तहत सिंचाई कूप निर्माण के बारे में चर्चा करते हुए कहा गया की जो कूप बनाने योग्य है उसे बरसात से पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जो कूप खतरे के निशान से ऊपर है वैसे कूप का अभिलेख को बन्द करने का निर्देश दिया गया। मजदूरों के द्वारा काम की मांग और मास्टररोल को पूर्ण करने के बारे में चर्चा किया गया। साथ ही अबुवा आवास निर्माण के लिये दूसरे किस्त का भुगतान के लिये जियोटेग करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जो मजदूर मनरेगा योजना में काम कर रहे हैं। वैसे मजदूरों का खाता को केवाईसी करा कर मजदूरी भुगतान कराने निर्देश रोजगार सेवकों को दिया गया। तथा बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आमबागवानी और दीदी बाड़ी योजना के बारे में चर्चा करते हुए कार्य को गति देने के बारे में निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, पंचायत सचिव गुहा उराँव, डॉली तिर्की, आरती चेरमाको, नागमणी उराँव, रोजगार सेवक प्रवीण कुमार, शैफ शहजादा सहित अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# बकरीद को लेकर ओडगा ओ.पी. में हुई शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के ओडगा ओपी प्रांगण में बकरीद पर्व को लेकर नये ओपी प्रभारी विनय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति के साथ जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की बैठक अयोजित की गई, बैठक में सर्वप्रथम नये ओपी प्रभारी विनय कुमार ने सबों से परिचय प्राप्त करते हुए ओपी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की, उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा आपके साथ है, क्षेत्र में किसी प्रकार की समस्या हो तो बेझिझक पुलिस को सूचना दे, किसी भी परिस्थिति में कानून को अपने हाथों में न लें, उन्होंने बकरीद पर्व शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने इस दौरान साईबर क्राइम, सड़क सुरक्षा, अवैध शराब



सहित कई अन्य विषयों पर भी चर्चा, इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को रखा तथा अपना सुझाव दिया तथा नये थाना प्रभारी का माल्यार्पण एवं बुके देकर स्वागत किया गया ।मौके पर एसआई सकलदेव महतो, एएसआई प्रमोद कुमार, एएसआई डी उरांव, मुखिया मुकूट समद, पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार महतो, पंसस दीपक महतो, कुटंगिया उप मुखिया रंजीत लोमगा, मिशन बदलाव के रवि गोप, पतरस लोमगा, समाजसेवी शाहजहा खान, कामेश्वर साहु, कमरूद्दीन खान, कृष्णा साहु, शंकर विंद, मिस्टर मियां, अंबिका साहु सहित कई लोग मौजूद थे।

# केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर संजय सर्राफ ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने वाले श्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद को सुशोभित करने एवं रांची के लोकप्रिय सांसद श्री संजय सेठ को भारत सरकार मे रक्षा राज्य मंत्री तथा सांसद श्रीमती अन्नपूर्णा देवी को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री बनाए जाने की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं। संजय सर्राफ ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है कि आप लोगों के नेतृत्व में हमारा भारत देश तथा झारखंड राज्य का चौमुखी विकास नित्य सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा की कुशल राजनीतिज्ञ, मृदुभाषी, मिलनसार, सरल स्वभाव के धनी रांची के सांसद संजय सेठ को रक्षा मंत्रालय मे रक्षा राज्य मंत्री का जिम्मेवारी दिया जाना झारखंड के लिए बहुत गौरव की बात है। वे बहुत ही मजबूती के साथ राज्य के विकास के कार्यों को संपादित करेंगे। तथा देश को रक्षा के क्षेत्र में सुदृढ़ और आत्म निर्भर बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्री परिषद में शामिल झारखंड के सांसदों को भाजपाइयों ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्री परिषद में शामिल नेताओं को भाजपा लोहरदगा जिला के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए कहा है कि यह एक सशक्त तथा भविष्य को सुनिश्चित दिशा दिखाने वाला मंत्रिमंडल है यह मंत्री परिषद भारत को विश्व गुरु के साथ विकसित भारत के स्वप्न को भी पूरा करेगा भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने कहा है की झारखंड से भी श्रीमती अन्नपूर्णा देवी तथा श्री संजय सेठ को केंद्रीय मंत्री परिषद में शामिल कर झारखंड को एक मजबूत दिशा दिया गया है। उन्होंने कहा है की नवनियुक्त रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का लोहरदगा से काफी लगाव रहा है,उनका व्यक्तिगत रुचि में लोगों का विकास के साथ ही रेलवे तथा अन्य क्षेत्रों में प्रगति के संदर्भ में सदैव चिंतन रहा है। मंत्री परिषद में शामिल सभी नेताओं को भाजपा





के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह सहित बृज बिहारी प्रसाद, राज किशोर महतो, राजमोहन राम, श्री चंद प्रजापति, अजय कुमार मित्तल, देवाशीष कर, दीपक सर्राफ, अजय पंकज, अनुपम प्रकाश कुंवर, मिथुन तमेडा, दिलीप पटनायकसिं, शशि भूषण सिंह, अतुल कुमार आदि शामिल है।

# बालू घाट संचालन हेतु आयोजित ग्राम सभा का ग्रामीणों ने किया विरोध

## कहा, बरसात के मौसम में निविदा होने से किसान पर पूरा प्रभाव पड़ेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत स्थित जोगना में बालू घाट निविदा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर ग्राम सभा का आयोजन ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। परंतु ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीणों ने आयोजित ग्रामसभा का बहिष्कार किया कहा लोकसभा न विधानसभा सबसे बड़ा ग्राम सभा परंतु इन बिंदु पर नजर अंदर कर गलत तरीके से योजना संचालित किया जाता है। दिनेश उराँव, रामनंदन साहू, बुद्धदेव उराँव, शिवनन्दन साहू, बिरिया



उराँव, लालजीत उराँव सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा की ग्रामसभा आयोजन के पूर्व समय से ग्रामप्रधान, पाहन तथा ग्रामीणों को किसी तरह का कोई सूचना नही दिया गया था। साथ ही बताया कि जोगना बालू घाट का निविदा करने का आदेश जारी होने के उपरांत नियमतः जानकारी का अभाव के कारण हम सभी उपस्थित ग्रामीण ग्रामसभा को निरस्त करने का अपील करते है। झारखंड आंदोलन कारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह किसान रामनंदन साहू ने कहा बालू घाट की निविदा होने से प्रकृति पर प्रभाव पड़ेगा और जल संकट गहराने की संभावना है। जिससे किसानों को काफी नुकसान हो सकता है। वही कहा कि राज्य सरकार की नाकाम योजना से हमारे क्षेत्र में बुरा असर पड़ेगा। ग्राम प्रधान मंगलेश्वर पाहन ने बताया कि ग्रामसभा आयोजन की जानकारी सोमवार को हमे ग्रामीणों से प्राप्त हुआ विभागीय लिखित सूचना नही मिला है। ग्राम विकास हित मे कार्य के लिए मुझे चुना गया है। जिसे की हम ग्रामीणों के सहमति के बिना कोई कदम नही उठाएंगे। ग्रामीणों ने आयोजित ग्रामसभा का विरोध किया है। जिसमें ग्राम प्रधान होने के नाते मेरा भी सहमति अपेक्षित है। अरु पंचायत मुखिया राजश्री उराँव ने बालू घाट निविदा की जानकारी देते हुए बताई की खनन विभाग लोहरदगा के उपस्थिति में ग्राम सभा आयोजन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू के ज्ञापांक 547 दिनांक 07/06/024 के आलोक में जोगना मेढो बालू घाट संचालन हेतु ग्रामसभा का आयोजन किया गया था। परंतु ग्रामीणों ने गलत समय पर संचालन करवाने की बात बोलते हुए आयोजित ग्रामसभा को ग्राम प्रधान के उपस्थिति में निरस्त किया गया।

### किरोड़ीमल कॉलेज दिल्ली ने पूर्ववर्ती छात्र सुखदेव भगत को सांसद बनने पर दी बधाई




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के निर्वाचित सांसद सुखदेव भगत नेतरहाट स्कूल से पढ़ने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत किरोड़ीमल कॉलेज में स्नातकोत्तर तक पढ़ाई किये। सुखदेव भगत अभी किरोड़ीमल कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र हैं। किरोड़ीमल कॉलेज के प्रिंसिपल दिनेश खट्टर के द्वारा पूर्ववर्ती छात्र सुखदेव भगत को लोहरदगा लोकसभा से सांसद बनने पर उन्हें बधाई संदेश भेजकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये। कॉलेज के प्रिंसिपल के द्वारा पूर्ववर्ती छात्र को बधाई संदेश भेजने पर सुखदेव भगत काफी अभिभूत हुए और कहा कि यह कॉलेज की अच्छी परंपरा है इससे यहां के पढ़ने वाले छात्रों में नई उत्साह का संचार होता है और इससे समाज एवं राष्ट्र के प्रति कुछ करने की प्रेरणा मिलती है।

### महासंघ ने अपने 15 सूत्री मांगों को लेकर नगर परिषद प्रशासक से की मलाकात

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा लोहरदगा का चार सदस्यीय एक शिष्टमंडल जयपाल सिंह, प्रशासक नगर परिषद लोहरदगा से 15 सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु कार्यालय कक्ष में मिला। वार्तालाप सकारात्मक रूप में हुई। मांगों में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड सरकार,राँची के निदेशक के आदेशानुसार अधिमानता के साथ न्यूनतम मजदूरी का एरियर सहित भुगतान, कार्यारम्भ की तिथि से नियोजन कार्ड, ई एस आई कार्ड, पहचान-पत्र, बर्दी एवं धुलाई भत्ता, पी एफ नम्बर की कटौती का सूद सहित अद्यतन हिसाब, 18 कर्मियो सहित वर्ष 1888 में निर्मित लोहरदगा नगरपालिका में पूर्व की भाँति नियोजन की तिथि से परमानेन्ट कर्मचारियों की बहाली, पद के अनुसार वेतन, उच्च पद का कार्य लेने पर वेतन का 20 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन, 8 घंटा से अधिक काम लेने पर दुगुना मजदूरी, झूठा मुकदमा की वापसी, प्रोत्साहन भत्ता आदि मुख्य थी। नगर प्रशासक आश्वासन दिये कि अपने स्तर से होने वाली मांगों की पूर्ति का प्रयास अवश्य करेंगे। शिष्टमंडल वार्ता में महेश कुमार सिंह अध्यक्ष सह राज्याध्यक्ष, फूलदेव कुजूर जिला सचिव, सुरेंद्र उराँव संयुक्त सचिव तथा बंधु उराँव कार्यकारिणी सदस्य शामिल थे।

### पुलिस पिकेट परिसर में लगी आग, दर्जनों गाड़ियां जल कर राख



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना सदर थाना क्षेत्र की है जहां आग लगने से धू धू कर दर्जनों गाड़ियां जल कर राख हो गई। बताया जा रहा है कि सदर थाना क्षेत्र के शंख नदी स्थित पुलिस पिकेट परिसर में दोपहर लगभग 1 बजे के आस पास आग लग गई जहां चेकिंग के दौरान पकड़े गए गाड़ियों में आग लगने से दर्जनों भर गाड़ियां जल कर राख हो गई है।वही इस आगजनी की घटना कैसे हुई है इसका पता अभी नहीं चल पाया है। वैसे तो स्थानीय लोगों का मानना है की ये आगजनी या तो बिजली शाट सर्किट की वजह लगी होगी या फिर किसी ने कोई जलती हुई चीज फेक दिया हो। वही इस घटना को लेकर जिला प्रशासन भी कुछ नहीं कह पा रहे है की ये आगजनी की घटना कैसे हुई है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल की गाड़ियों द्वारा दमकल कर्मियों ने भारी कोशिशों के बाद आग पर काबू पाया। वैसे तो गर्मियों में कही भी घास फूस झाड़ी इत्यादि पूरी तरह से सुख जाती है ऐसे में हल्की सी चिंगारी से भी बड़ी आगजनी जैसे घटनाओं के होने की संभावना बढ़ जाती है।

### बाल श्रमिकों की विमुक्ति को लेकर श्रम अधीक्षक दीप्ति लोरी तिर्की ने चलाया अभियान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल श्रमिकों के चिन्हित एवं उनके विमुक्ति हेतु जिला स्तरीय धावा दल द्वारा जिला श्रम अधीक्षक दीप्ति लोरी तिर्की द्वारा आज लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बी एस कॉलेज क्षेत्र,बरवाटोली के दुकान तथा पतराटोली के दुकानों का भौतिक निरीक्षण किया गया। किसी भी प्रतिष्ठान में बाल श्रमिक नहीं पाया गया। सभी प्रतिष्ठानों को श्रम अधीक्षक के द्वारा यह जानकारी दिया गया की 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों एवं खतरनाक नियोजनो में आयु वर्ग 14 -18 वर्ष का नियोजन प्रतिषेधित है। एवं उल्लंघन की स्थिति में 20,000 से 50,000 तक का जुर्माना अथवा 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है। सभी प्रतिष्ठानों में बाल एवं अल्पव्यस्क अधिनियम 1986, धारा -12 के तहत बच्चों के द्वारा काम नहीं कराने का निदेश देते हुए सूचना पट्ट प्रदर्शित करने का निदेश दिया गया। धावा दल में LGSS के जितेन्द्र कुमार के साथ साथ पुलिस के जवान मौजूद थे।

### कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष की मौत, शोक

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के सरेगहातु तोड़ार गांव निवासी हुसैन अंसारी की मौत हृदय गति रुक जानें से मंगलवार को हो गई। वही परिवारिक सूत्रों द्वारा बताया जाता है.की मृतक हुसैन अंसारी हृदय रोगी था। और बीमार चल रहा था। वही हुसैन अंसारी की मौत होने से गांव में मातम छा गया। विशुनपुर विधान सभा युवा काँग्रेस अध्यक्ष इमरान आज़ाद अंसारी ने कहा की हुसैन अंसारी कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता थे.साथ ही वे काफी मिलनसार व्यक्ति थे। कांग्रेस पार्टी के प्रति कार्य को कभी भुलाया नही जा सकता है। जिसकी मृत्यु से काँग्रेस पार्टी को अपूरणीय छति हुई है। हुसैन अंसारी के मौत के खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया। वही शौक संवेदना व्यक्त करने वाले में सांसद सुखदेव भगत, शाहिद अहमद बेलू, मुख्तार अंसारी, इमरान आज़ाद, इम्तियाज अहमद, मुस्ताक अंसारी, रुस्तम अंसारी, प्रकाश उरांव, नन्दकिशोर शुक्ला, फजल अब्बास सहित अन्य काँग्रेस कार्यकर्ता शामिल है।

## चलते चलते एक नजर

### प्रतापराव गणपतराव जाधव ने संभाला आयुष मंत्रालय का कार्यभार

**नई दिल्ली:** प्रतापराव गणपतराव जाधव ने मंगलवार को आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का कार्यभार संभाल लिया। इसके साथ उन्होंने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा, आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, अतिरिक्त सचिव (स्वास्थ्य) रोली सिंह सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मंत्रालय में कार्यभार संभालने से पहले प्रतापराव जाधव ने अपने आवास पर पौधरोपण किया। कार्यभार संभालने के बाद अंगदान की शपथ भी ली। उल्लेखनीय है कि प्रतापराव जाधव ने महाराष्ट्र विधान सभा के तीन बार सदस्य और खेल, युवा कल्याण और सिंचाई राज्य मंत्री के रूप में विभिन्न क्षमताओं में महाराष्ट्र के लोगों का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2009, 2014, 2019 और फिर 2024 में बुलढाणा निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए हैं। वे 1997 से 1999 तक महाराष्ट्र सरकार में खेल, युवा कल्याण और सिंचाई राज्य मंत्री भी रहे हैं। लोकसभा, उन्होंने ग्रामीण विकास और पंचायती राज पर स्थायी समिति के अध्यक्ष और संचार और सूचना प्रौद्योगिकी पर स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

### डॉ. वीरेंद्र कुमार ने संभाला केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री का कार्यभार

**नई दिल्ली :** डॉ. वीरेंद्र कुमार ने मंगलवार को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री का पद संभाल लिया। डॉ. कुमार ने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री रामदास अठावले और बी.एल. वर्मा सहित मंत्रालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ रामदास अठावले ने भी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए अठावले ने कहा कि वह सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण के मिशन के लिए काम करते रहेंगे।

### उप्र के मंडोला पावर ग्रिड में आग लगने से दिल्ली के कई इलाकों में बिजली गुल

**नई दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के लोनी क्षेत्रान्तर्गत मंडोला स्थित पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया के स्टेशन में आग लग गई, जिसकी वजह से नॉर्थ दिल्ली, सेंट्रल दिल्ली और साउथ दिल्ली के कई इलाकों में दोपहर 2¬11 बजे से बिजली गुल है। पहले ही पेयजल संकट से जूझ रही राजधानी में बिजली कटौती के कारण कई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी ठप पड़ गए। इससे पेयजल संकट गहरा सकता है। इस बीच दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने आज केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से मुलाकात का समय मांगा है।आतिशी ने कहा, ÷मंडोला के ट्रांसमिशन से दिल्ली को 1500 मेगावाट की बिजली मिलती है। ट्रांसमिशन में आग लगने के कारण दिल्ली के कई हिस्सों में पावर कट हुआ है। दिल्ली में जो भी बिजली कंपनियां हैं उनसे अन्य पावर सोर्सेज से बिजली आपूर्ति को लेकर बात चल रही है।

# यूपी में चुनाव हारने के बाद बीजेपी में शुरू हुआ वार-पलटवार

एजेंसी



**लखनऊ :** लोकसभा चुनाव में हार के बाद अब यूपी बीजेपी में आरोपों का दौर शुरू हो गया है. पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने बीजेपी के पूर्व विधायक संगीत सोम पर आरोप लगाया था कि उन्होंने सपा प्रत्याशी को खुलकर चुनाव लड़ाया. इस पर पलटवार करते हुए संगीत सोम ने कहा कि उन्हें जो भी बात कहनी है पार्टी के फोरम पर रखें. घर की बात बाहर नहीं ला सकते हैं.मेरठ की सरधना सीट से पूर्व विधायक संगीत सोम ने पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि उन्हें चुनाव हराने में जयचंदों का भी हाथ है. संगीत सोम ने कहा कि मैं भी 2022 में चुनाव हारा था, लेकिन मैंने कभी भी मीडिया के सामने अपनी हार का ठीकरा किसी पर नहीं फोड़ा. उन्हें अपनी बात पार्टी फोरम पर रखनी चाहिए, हम भी वहीं अपनी बात रखेंगे. मुजफ्फरनगर से चुनाव हारने के बाद संजीव बालियान ने संगीत सोम से जुड़े सवाल पर बिना नाम लिए कहा था कि इन्होंने खुलकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को चुनाव लड़ाया. ये सरकारी सुविधाएं लिए हुए हैं. पार्टी को इनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए. इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सीधे तौर पर किसी का नाम तो नहीं लिया था, लेकिन पार्टी के अंदर भितरघात से भी इनकार नहीं किया. बता दें कि मुजफ्फरनगर सीट से इस बार समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हरेंद्र मलिक ने जीत हासिल की है.



## कल्पना सोरेन से मिले कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुआ सहित अन्य नेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से रांची के कांके रोड स्थित आवास पर मंगलवार को झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुआ ने शिष्टाचार मुलाकात की। इनके अलावा कल्पना सोरेन से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भी शिष्टाचार मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि कल्पना सोरेन ने गत सोमवार को झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली थी।

## लालू ने काटा 77 साल वाला बर्थडे केक




एजेंसी

**पटना :** आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव पूरे 77 साल के हो गए. परिवार और आरजेडी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके जन्मदिन का जश्न मंगलवार को भव्य तरीके से मनाया. जन्मदिन के मौके पर लालू यादव ने अपने आवास पर सभी के साथ मिलकर केक काटा. इस सेलिब्रेशन की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें पत्नी राबड़ी देवी और लालू यादव को अपनी किडनी देकर नई जिंदगी देने वाली बेटी रोहिणी आचार्य केक कटिंग सेरेमनी में साथ दिखे. वहीं आरजेडी के कई बड़े नेता भी इस दौरान लालू यादव के साथ बैठे दिखाई दिए. ये सभी नेता और कार्यकर्ता उनको जन्मदिन की बधाई देने उनके आवास पर पहुंचे थे और केक कटिंग सेरेमनी में भी शरीक हुए. खास बात यह कि लालू यादव ने अपने 77वें जन्मदिन पर पूरे 77 पाउंड का केक कटा. उन्होंने अपने परिवार, आरजेडी नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपने हाथों से केक सिखाया और उनकी बधाइयां भी स्वीकार कीं. अपने जन्मदिन के मौके पर लालू यादव ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा कि सभी को गरीबों से शोषितों, वंचितों के लिए काम करना चाहिए और उनको गले लगाकर सम्मान का भाव देना चाहिए. लालू यादव ने कहा कि सभी को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है, जिससे देश में गंगा- जमुना संस्कृति और भाईचारे के माहौल को मजबूत हो सके. सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता की धारा को मजबूती देने के लिए हर स्तर पर सजग रहने की जरूरत है.लालू यादव के जन्मदिन के जश्न में शामिल होने वाले नेताओं में आरजेडी प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, बेटी डॉ रोहिणी आचार्य, आरजेडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, सैयद फैसल अली, बीनू यादव, विधान पार्षद कारी शोएब, अशोक पांडेय, विधायक विजय मंडल,अनिरुद्ध यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद रहे।

## निगम क्षेत्र के ड्राई जोन में 100 अतिरिक्ति टैंकरों से होगी जलापूर्ति : त्रिपाठी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** नगर निगम क्षेत्र में पेयजल किल्लत पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि 100 अतिरिक्त टैंकरों से इस वर्ष भी जलापूर्ति शुरू करायी जायेगी। पिछले वर्ष भी इसी तरह की व्यवस्था देने पर लोगों को राहत मिली थी। सुदना, आबादगंज और निमियां इलाके से महिलाओं ने पेयजल को लेकर उन्हें फोन किया था। एक दिन गैप करके टैंकर से पानी दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में टैंकर से अतिरिक्त जलापूर्ति बढ़ाने की कोशिश की जायेगी। नगर आयुक्त से मिलकर बात की जाएगी।त्रिपाठी मंगलवार को परिसदन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में 24 हजार घरों को पानी देने के लिए जलापूर्ति योजना के तहत चार वॉटर टैंक और एक वाटर ट्रीटमेंट प्लान बनाने की योजना है। लेकिन ड्राई जोन एरिया आबादगंज और निमियां में दो वाटर टैंक की आवश्यकता है। इन इलाकों में वॉटर टैंक नहीं बनाने की योजना है। लेकिन एक्सटेंशन करके यहां भी वॉटर टैंक बनाने के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि जलापूर्ति योजना के लिए कोयल नदी में पानी रहना जरूरी है। इसके लिए कोयल में बराज की स्वीकृति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात की जायेगी। उन्होंने कहा कि पूरे निगम क्षेत्र में 24 हजार घरों को पानी देने की योजना है। लेकिन यह काफी कम पड़ जायेगा। 40 हजार घरों को पानी देने के लक्ष्य के साथ सप्लाई करना होगा।इस मौके पर कई पूर्व वार्ड पार्षद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

# जल मंत्री जनता को जल दें अन्यथा होगा आंदोलन : अरुणा शंकर

**मामला शहरी जलापूर्ति फेज 2 एवं कोयल को बांधने का**

प्रभात मंत्र संवाददाता






**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने एक बार फिर प्रमंडल के इकलौते मंत्री मिथिलेश ठकुर पर मेदनीनगर शहर में पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों की व्यथा से दुखी होकर तीखा वार करते हुए कहा, मंत्री जी जिस प्रमंडल से आप इकलौते मंत्री बनाए गए हैं,वह भी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जिन्हें पूरे राज्य को पानी देना है उस प्रमंडल के ही मुख्यालय मेदिनीनगर की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। जिसे आप अपने 5 साल समाप्ति के कार्यकाल में भी दूर नहीं कर सके। मंत्री जी शायद आपको मालूम होगा कि भारत में सर्वाधिक गर्मी पड़ने वाले जिले में पलामू एक है। जिसका जल स्तर नित्य गिर रहा है। आसपास का क्षेत्र ड्राई जोन हो गया। जनता त्राहि त्राहि कर रही है। पानी के बिना पशु मर रहे हैं। महिलाएं पानी के लिए मिलो दूर जा रही हैं। किसान खेत होते पानी के अभाव में पलायन कर रहे हैं। फिर भी आपके कान में जू नहीं रेग रहा है। आपके सरकार की 5 वर्ष समाप्ति पर है। लेकिन प्रमंडल मुख्यालय में आपकी कोई उपलब्धि नहीं है। सिर्फ आप गढ़वा तक सीमित रह गए। यही कारण है कि आप बीते लोकसभा चुनाव में गढ़वा सहित 6 के 6 विधानसभा भारी मतों से हार गए। मंत्री जी, शहरी जलापूर्ति योजना फेज 2 मेरे कार्यकाल का पास किया गया योजना है। जिसकी स्वीकृति पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपने कैबिनेट से दी थी। सांसद वीडी राम के सहयोग से 80त्न फंड एडीबी से उपलब्ध कराई जा चुकी है। जिसका कार्य कई प्रयासों के बाद जुडको द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के दरमियान शहर का एकमात्र बड़ा फील्ड हाउसिंग कॉलोनी मैदान को बर्बाद करते हुए शुरू कर दिया गया। जिसे अब शायद आपके उद्घाटन के लिए रोक लगा दी गई है। जबकि यह कार्य प्राथमिकता में स्थान परिवर्तित कर फील्ड को बचाते हुए जनहित में जारी रहना चाहिए था। मंत्री जी, अब भी वक्त है। मैं एक बार फिर जनहित में आपसे मांग करती हूं कि हमारे शहर की सबसे महत्वपूर्ण योजना शहरी जलापूर्ति फेस 2 का काम यथाशीघ्र हाउसिंग कॉलोनी मैदान को बचाते हुए शुरू कराई जाए। साथ ही मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्र के जल स्तर को उठाने, घर-घर लगे चापाकल में पानी लाने, किसानों को खेत सिंचित करने के लिए एकमात्र उपाय कोयल नदी को मानगो एवं कनहर के तर्ज पर बांधने के लिए कैबिनेट से मंजूरी दिलाते हुए कार्य शुरू कराई जाए। अन्यथा बाध्य होकर मैं अब जन आंदोलन करूंगी। आशा है आप इस जन मुद्दे को जनहित में गंभीरता से लेंगे।

# दलहन के उत्पादन व विपणन पर कार्यशाला आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गढ़वा :** दलहन (अरहर) के आच्छादन, उत्पादन, उत्पादकता एवं विपणन विषय पर मंगलवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा शगुन बैंक्वेट हॉल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, जिप सदस्य शम्भुनाथ चंद्रवंशी, जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, सचिव बाजार समिति राहुल कुमार आदि के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि गढ़वा जिला में दलहन कि खेती लगभग 30 हजार हेक्टेयर में होती है। इसकी पैदावार को बढ़ाने एवं अधिक मूल्य पर इसे बेचकर किसानों को उचित मुनाफा दिलाने के उद्देश्य से वैज्ञानिकों द्वारा कई महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी दी जा रही है। आप अपने जमीन पर दलहन की खेती बड़े पैमाने पर करें। जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, जिप सदस्य शम्भुनाथ चंद्रवंशी आदि ने किसानों को दलहन की खेती करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जहां 70 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है। आप दलहन की खेती कर उचित मुनाफा कमाए। कृषि विभाग के पदाधिकारी से अपील किया गया कि पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों तक खेती के लिए बीज एवं सरकारी योजनाएं पहुंचे यह सुनिश्चित कराई जाए। समिति निदेशक ने कहा कि गढ़वा जिला में वर्षा कम होती है। इसके बावजूद उपलब्ध पानी एवं ड्रिप इरिगेशन की सहायता से भी दलहन की खेती कर हम अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। कार्यशाला में किसानों को उचित मूल्य एवं एमएसपी पर कैसे दाल को बेचकर मुनाफा कमाए इस पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी को कृषि मेला समेत अन्य कार्यक्रम के आयोजन को लेकर भी निर्देश दिया गया। प्रतिनिधि प्रणव शुक्ला ने कहा कि आप अपने फसलों में मॉइश्चर या कीड़े लगने से बचाए जिससे उन्हें बेचने में समस्या ना हो। मौके पर कृषि महाविद्यालय चीफ साइंटिस्ट डॉ अशोक कुमार ने बताया कि पलामू प्रमंडल में लगाए जाने वाले दलहन लंबी अवधि वाले होते हैं। 1 एकड़ भूमि पर उत्पादन के लिए 8 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है। इसके बुवाई का समय जून से लेकर सितंबर माह तक होता है। बाजार समिति सचिव राहुल कुमार द्वारा दलहन की खेती के पश्चात इसे बेचने के लिए उन्होंने ऑनलाइन दलहन बेचने की भी जानकारी दी। कार्यशाला को क्षेत्रीय वैज्ञानिक डॉ प्रमोद कुमार ने भी संबोधित किया। मौके पर तकनीकी सहायक रांची मनीष गुड़िया, डायरेक्टर जेडआरएस चियांकी मेदिनीनगर पलामू डॉ. प्रमोद कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी चंद्रकिशोर, जिला उद्यान पदाधिकारी रविशंकर बरनवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीटीएम अजय कुमार साहू द्वारा ने किया।

**सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस**

**सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क जाँच कराएं**

**सिकल सेल रोग क्या है?**

- सिकल सेल अनुवांशिक रोग होता है.
- जब तक खून की जाँच नहीं करायी जाए रोग का पता नहीं चलता.
- परिवार के वैसे सदस्य, जिनकी उम्र शून्य से 40 वर्ष हो, सिकल सेल जाँच अवश्य कराएं.
- जाँच जरूरी है, नहीं तो मरीज को अन्य शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है.
- परिवार में किसी को सिकल सेल एनीमिया हो, तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जाँच जरूर कराएं.

**सिकल सेल एनीमिया के लक्षण**

- एनीमिया/पीलापन दिखाई देना.
- बार-बार संक्रमण/बीमार होना.
- थकान, बुखार एवं सूजन तथा कमजोरी महसूस करना.
- रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना.
- जोड़ों में दर्द या सूजन.
- छाती में दर्द, साँस फूलना, पीठ/पेट में दर्द.

**रोगी क्या नहीं करें :-**

- ज्यादा गर्मी या धूप में बाहर नहीं निकलें.
- ज्यादा ऊँचाई वाले पहाड़ों, हिल स्टेशन पर न जाएँ.
- ज्यादा ठण्ढ में बाहर जाने से बचें.
- समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लें.

**बच्चों की देखभाल :-**

- बच्चे को सिकल सेल एनीमिया हो, तो स्कूल के प्रिंसिपल/प्राचार्य तथा कक्षा शिक्षक को इसकी जानकारी दें.
- स्कूल में शारीरिक श्रम/व्यायाम या भारी काम न करवाने की जानकारी शिक्षक को दें.
- कक्षा में पीड़ित बच्चे को बार-बार पेशाब आने पर शिक्षक शौच जाने की अनुमति दें.
- शिक्षक को आपातकालीन लक्षणों की जानकारी दें.

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर-14555/10883456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR NO-325948 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25